

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-37 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 16 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## अमृतसर के ठाकुरद्वार मंदिर में ग्रेनेड से हमला, मोटरसाइकल से आए थे हमलावर



अमृतसर,(ए)। पंजाब के अमृतसर के खंडवाला इलाके में स्थित ठाकुरद्वार मंदिर में शुक्रवार देर रात ग्रेनेड से हमला होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकल पर सवार दो युवकों ने मंदिर में ग्रेनेड फेंका और फरार हो गए। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है ओर जल्द ही आरोपियों को गिरफतार करने की बात कह रही है। इस घटना का पाकिस्तानी कनेक्शन भी तलाशा जा रहा है।घटना को लेकर एक वीडियो फुटेज वायरल हुआ है, जिसमें साफतौर पर देखा जा सकता है कि एक मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार हैं। इनमें से एक के हाथ में एक झंडा भी लहराता हुआ दिख रहा है। मंदिर के बाहर पहुंचे ये दोनों लोग कुछ देर वहीं खड़े रहते हैं और फिर उसके बाद अचानक ग्रेनेड फेंक कर फरार हो जाते हैं। जानकारी अुनेसार यह हमला देर रात करीब 12:35 बजे हुआ, जिसके बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

### अमृतसर मंदिर ब्लास्ट में तीन आरोपी बिहार से गिरफ्तार, नेपाल भागने की फिराक में थे शातिर

अमृतसर(ए)। अमृतसर के खंडवाला क्षेत्र में स्थित एक मंदिर में ग्रेनेड से हमला करने के मामले में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े तीन प्रमुख गुर्गों को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को कहा कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी नेपाल भागने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर की गयी कार्रवाई के तहत बिहार के मधेपुरा के कुमारखंड थाना क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों ने हाल ही में एक ऑपरेशन में बरामद ग्रेनेड और हथियारों की आपूर्ति की थी। गिरफ्तार किए गए लोग अमृतसर के खंडवाला और छेहरट्टा इलाकों में रहते हैं और उन्हें आगे की पूछताछ के लिए वापस लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए अथक प्रयास कर रही है। तीनो युवकों को बिहार से उस समय गिरफ्तार किया गया जब युवक नेपाल भागने की फिराक में थे। युवकों ने हथियार और ग्रेनेड अमृतसार पहुंचाए थे।

### तेलंगाना सुरंग हादसाः फंसे सात लोगों की खोज में जुटी विशेष टीम, रोबोट और हाईटेक उपकरण से तेज हुआ अभियान

हैदराबाद (ए.)। तेलंगाना में ध्वस्त एसएलबीसी सुरंग फंसे सात लोगों की तलाश शनिवार को लगातार 22वें दिन भी जारी है। तलाशी अभियान में शनिवार को खास मशीनरी का इस्तेमाल किया गया, जिससे अभियान को गति मिली। मामले में अधिकारियों ने बताया कि अब सुरंग के अंदर फंसे सात लोगों को निकालने के लिए स्वायत्त हाइड्रोलिक-संचालित रोबोट का उपयोग किया जा रहा है, जो मिट्टी और मलबे को तेजी से हटाने में मदद कर रहा है। इसके अलावा, 30 एचपी क्षमता वाला लिक्विड रिंग वैक्यूम पंप और वैक्यूम टैंक मशीन जैसे उपकरण भी सुरंग के भीतर से मलबा हटाने के लिए काम कर रहे हैं।इस अभियान में सेना, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), खनन कंपनियां, और रोबोटिक्स विशेषज्ञ भी शामिल हैं।

## सभी 214 बंधक पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, ट्रेन हाइजैक करने वाले बलोच लिबरेशन आर्मी का सनसनीखेज दावा



नई दिल्ली (ए)। पाकिस्तान में सक्रिय अलगाववादी संगठन बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। संगठन ने कहा है कि उसने अपने कब्जे में लिए गए सभी 214 बंधकों को मार डाला है। बीएलए के विद्रोहियों ने दावा किया है कि मारे गए सभी लोग पाकिस्तानी सेना के जवान थे। इस घटना को पाक सेना की हार बताते हुए बीएलए के प्रवक्ता ने कहा कि इन मौतों के लिए पाकिस्तान की सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान सरकार उनसे बातचीत करने को तैयार नहीं थी और इन मौतों के बाद भी कोई संवाद स्थापित नहीं किया गया है। गौरतलब है कि मंगलवार को बलोच विद्रोहियों ने क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को बोलन दर्रे के पास अगवा कर लिया था। इस ट्रेन में करीब 450 यात्री सवार थे। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने बचाव अभियान शुरू किया, जिसके दौरान बलोच विद्रोहियों के साथ मुठभेड़ हुई। बीएलए ने इस मुठभेड़ में अपने दो दर्जन से अधिक लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया था, जबकि पाकिस्तान ने 33 बीएलए लड़ाकों को मार गिराने की बात कही थी।

पाकिस्तान सरकार ने बुधवार को ही दावा किया था कि संकट समाप्त हो गया है और सभी विद्रोही मारे गए हैं। सरकार ने यह भी कहा था कि सभी बंधकों को सुरक्षित छुड़ा लिया गया है, हालांकि इस दावे का कोई प्रमाण पेश नहीं किया गया था। अब बीएलए ने पाकिस्तान सरकार के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि सरकार झूठ बोल रही है और उसे अपने जवानों की कोई परवाह नहीं है। बीएलए ने पहले कैदियों की अदला-बदली के लिए सरकार को 48 घंटे का समय दिया था।

### राहुल गांधी को हाईकोर्ट से राहत, सीजीएसटी के वसूली नोटिस पर लगाई रोक, पूर्व याचिका की बहाल

इन्दौर (ए)। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर में जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की युगल पीठ ने एक रिव्यू पीटिशन पर सुनवाई कर केस फिर से चलाने की अनुमति दे दी है। प्रकरण सीजीएसटी द्वारा सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिए कर चोरी का आरोप लगाते हुए संयुक्त नोटिस जारी किए जाने का था। जिस पर रोक लगाने के लिए उद्योगपति राहुल गांधी ने अपने स्वामित्व में संचालित कंपनी मे. राहुल स्टील्स और उनके पिता राजेश गांधी द्वारा संचालित मे. सागर स्टील्स सप्लायर्स की ओर से पूर्व में याचिका दायर की गई थी जिसे उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 17 दिसंबर 2024 को इस टिप्पणी के साथ खारिज कर दिया था कि अकेले को राहत नहीं दी जा सकती। इसकी समीक्षा के लिए याचिका दायर कर सुनवाई दौरान कोर्ट को बताया गया कि इसी नोटिस में जिन अन्य लोगों को शामिल किया गया था, उन्हें हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत पूर्व में ही दे दी है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को यह भी बताया कि जिस समय ये केस चल रहा था, उसी समय सीजीएसटी ने नोटिस पर फैसला कर दिया, उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। तथ्यों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपने पूर्व के फैसले को निरस्त कर याचिका को पूर्व रूप में ही बहाल कर सीजीएसटी द्वारा जनवरी में जारी आदेश पर भी रोक लगा दी।



### होली की ड्यूटी पर तैनात टीआई संजय पाठक की सीने में दर्द उठने के बाद मौत

भोपाल/इंदौर(ए)। इंदौर में होली की ड्यूटी पर तैनात टीआई संजय पाठक की अचानक सीने में दर्द उठने के बाद मौत हो गई। हालांकि उन्हें फौरन ही इलाज के लिये निजी हॉस्पिटल ले जाया गया था, लेकिन इससे पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। मूल रूप से भोपाल के रहने वाले संजय पाठक आईजी ऑफिस में पदस्थ थे। होली के दिन उनकी डयूटी बेटमा में लगाई गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही आला अफसर फौरन ही अस्पताल पहुंच गये। टीआई संजय पाठक के अचानक हुए निधन के बाद शनिवार को डीआरपी लाइन में होने वाला होली मिलन समारोह निरस्त कर दिया गया। 1988 बैच के अफसर संजय पाठक इंदौर में साउथ तुकोगंज में परिवार सहित रहते थे। उनकी पत्नी घरेलू महिला है। परिवार में दो बेटियां हैं। जिनमें बढी बेटी सुरभि नेशनल शूटर है। वह इंडियन टीम में भी रह चुकी हैं। संजय पाठक जूडो कराटे में ब्लैक बेल्ट रह चुके हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव मूँदी में माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा में हुए सम्मलित

**-अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी ने आयोजित की है तृतीय चरण की यात्रा**

**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दादा गुरूजी की कुटिया का किया शुभारंभ**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खंडवा ज़िले के मूँदी में अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा में सम्मलित हुए। उन्होंने यात्रा में शामिल होकर दादा गुरूजी से नर्मदा संरक्षण पर चर्चा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मूंदी में मांधाता विधायक नारायण पटेल के निवास पर अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी के ठहरने के लिए बनाई गई कुटिया का फीता काटकर शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा से लौटते समय स्थानीय रेस्टोरेंट में रूककर चाय भी पी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मूंदी आगमन पर आमजन ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशु पालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, मांधाता विधायक नारायण पटेल,खंडवा विधायक कंचन तनवे, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, खंडवा महापौर श्रीमती अमृता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखेड़े, संभागायुक्त इंदौर दीपक सिंह,आईजी अनुराग,डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज राय सहित विभिन्न जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

### बच्चों के हाथ-पैर बांधे, पानी से भरी बाल्टी में डुबोया; शख्स ने बच्चों की हत्या कर खुद की आत्महत्या

अमरावती (ए.)। आंध्र प्रदेश से दिल दहला देने वाली घटना सामने आ रही है। यहां काकीनाडा में एक शख्स ने अपने दो मासूम बच्चों की दर्दनाक जान ले ली। काकीनाडा के डीएसपी देवराज पाटिल ने बताया कि काकीनाडा जिले के थोटा सुब्बाराव नगर में भूदेवी अपार्टमेंट में एक दुखद घटना घटी। वनपल्ली चंद्र किशोर नाम के एक व्यक्ति ने अपने दो बच्चों के हाथ-पैर बांधे, उन्हें पानी से भरी बाल्टियों में डुबोया और मार डाला। बाद में उसने आत्महत्या कर ली।

फिलहाल जांच जारी है और जल्द ही आगे की जानकारी सामने आएगी।

## मस्जिद वाली गली से होली जुलूस निकालने पर बवाल, दो गुटों में हिंसक झड़प में कई घायल; दर्जनों गाड़ियां और दुकानें फूंकी



गिरिडीह (ए)। झारखंड के गिरिडीह जिले के घोडथम्भा क्षेत्र में शुक्रवार की शाम होली के जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घोडथम्भा चौक पर पहुंचने के बाद मस्जिद वाली गली से जुलूस निकलने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। इससे स्थिति और बिगड़ गई। पथराव को रोकने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस ने प्रयास किया, लेकिन स्थिति पूरी तरह से बेकाबू हो गई। देखते ही देखते हिंसा बढ़ी और आगजनी की घटना भी हुई, जिसमें कई दुकानों, बाइकों और चारपहिया वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी डॉ. बिमल कुमार, डीडीसी स्मिता कुमारी, खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद सहित कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया और उपद्रवियों को खदेड़ा। एसपी डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि पुलिस उपद्रवियों की पहचान कर रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। इस हिंसक घटना में लगभग एक घंटे तक दोनों पक्ष आपस में भिड़े रहे। फिलहाल, इलाके में शांति बनी हुई है और पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। इसी तरह की घटना महाराष्ट्र के बुलढाणा से भी सामने आई है। बुलढाणा जिले के खामगांव तालुका में होली महोत्सव के दौरान दो गुटों में डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद पथराव की घटना सामने आई।

### सोने की तस्करी में राज्य पुलिस अधिकारी की भूमिका, डीआरआई ने अदालत में किए सनसनीखेज खुलासे

बंगलूरू (ए.)। कर्नाटक पुलिस महानिदेशक (डीपीजी) के रामतंद्र राव की सौतेली बेटी पर लगे अवैध व्यपार करने के आरोप मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अदालत में कहा है कि अभिनेत्री रान्या राव के सोने की तस्करी से जुड़े रैकेट में कर्नाटका पुलिस के एक प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया गया था। डीआरआई ने दावा किया कि रान्या ने जनवरी 2023 से अब तक 27 बार दुबई की यात्रा की और उसने हवाला लेनदेन का इस्तेमाल करके भारत से दुबई में धन भेजा है। मामले में डीआरआई ने अपनी दलील में कहा कि रान्या ने सुरक्षा को दरकिनार करने के लिए राज्य पुलिस के प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया। केंद्रीय एजेंसी ने अदालत से यह भी कहा कि रान्या ने जांच में सहयोग नहीं किया और उसके खिलाफ कई गंभीर आरोप हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। बता दें कि शुक्रवार को इस मामले में अदालत ने संज्ञान में लेते हुए रान्या की जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। इसके अलावा, कर्नाटका सरकार ने रान्या के पिता रामचंद्र राव की भूमिका की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता को नियुक्त किया था।

### असम कांग्रेस के प्रवक्ता रीतम सिंह गिरफ्तार, सोशल मीडिया पोस्ट में भाजपा नेताओं पर उठाया था सवाल

गुवाहाटी (ए.)। असम कांग्रेस के प्रवक्ता रीतम सिंह को एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए शनिवार को गिरफ्तार किया गया। इस पोस्ट में उन्होंने कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ दर्ज मामलों की स्थिति पर सवाल उठाया था। इनमें भाजपा एक पूर्व राज्य प्रमुख और दो मौजूदा विधायक शामिल हैं।

**भाजपा विधायक की पत्नी की शिकायत पर कार्रवाई**

लखीमपुर जिला पुलिस की टीम ने रीतम सिंह को गुवाहाटी स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया। इस गुवाहाटी पुलिस ने लखीमपुर की टीम की मदद की। लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक मिहिरजीत गयान ने बताया कि दो दिन पहले एक्स पर एक पोस्ट को लेकर भाजपा विधायक मानव डेका की पत्नी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, हमने उन्हें संबंधित कानूनी धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। उन्हें अब लखीमपुर लाया जा रहा है।

**कांग्रेस प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट में क्या कहा**

रीतम सिंह ने 13 मार्च सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने 2021 में धेमाजी जिले में एक दुष्कर्म मामले में कोर्ट की ओर से दोषी ठहराए गए तीन व्यक्तियों की खबर साझा की। इसके साथ उन्होंने पूछा, इन अपराधियों को उनकी सजा मिली।


लेकिन दुष्कर्म के आरोपी असम भाजपा के विधायक मानव डेका, पूर्व पार्टी अध्यक्ष भावेश कलिता और पूर्व मंत्री राजने गोहेन का क्या हुआ? क्या कानून सबके लिए समान है? कलिता इस साल जनवरी तक असम भाजपा के अध्यक्ष था। अभी कलिता और डेका विधायक हैं, जबकि गोहेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल के दौरान रेल राज्य मंत्री थे।




### मार्क कार्नी ने ली कनाडा के नए पीएम पद की शपथ, भारत से खत्म करना चाहते हैं तनाव

टोरंटो,(ए)। मार्क कार्नी कनाडा के 24वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्होंने शुक्रवार पीएम पद की शपथ ली। उनका शपथ ग्रहण ओटावा के रिड्यू हॉल के बॉलरूम में हुआ। कार्नी के साथ उनके मंत्रिमंडल ने भी शपथ ली। जानकारी के मुताबिक मार्क कार्नी भारत-कनाडा दोनों देशों के रिश्तों में आए तनाव को खत्म करना चाहते हैं। चुनाव से पहले उन्होंने कहा था कि अगर वह पीएम बनते हैं तो भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को फिर से बहाल करेंगे। हालांकि, दोनों देशों के बीच विवाद की सबसे बड़ी वजह-खालिस्तानी आतंकियों के मुद्दे पर मार्क कार्नी क्या राय रखते हैं, ये साफ नहीं है। उन्होंने अभी तक इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। कार्नी ने 9 फरवरी को लिबरल पार्टी के नेता का चुनाव जीता था। कार्नी को 85.9 फीसदी वोट मिले थे। मार्क कार्नी कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह सत्ता संभालेंगे। ट्रूडो ने गवर्नर जनरल के पास जाकर अपना इस्तीफा दिया था। इसके बाद शपथ ग्रहण हुआ।कनाडा के नए पीएम मार्क कार्नी इकोनॉमिस्ट और पूर्व केंद्रीय बैंकर हैं। कार्नी को 2008 में बैंक ऑफ कनाडा का गवर्नर बनाया गया था। कनाडा को मंदी से बाहर निकालने के लिए उन्होंने जो कदम उठाए, उसकी वजह से 2013 में बैंक ऑफ इंग्लैंड ने उन्हें गवर्नर बनने का प्रस्ताव दिया था।





मणिपुर में अवैध हथियार बरामद करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने राज्य के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया।

# होली भाईचारे का पर्व है, यह हमें एकता और सद्भाव बनाए रखने की देता है प्रेरणा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## राजनीतिज्ञों, नागरिकों, कार्यकर्ताओं और पत्रकारगणों ने मुख्यमंत्री के साथ मनाई होली



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेशवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार सबका मंगल लेकर आते हैं, इसीलिए ऐसे पर्वों पर बधाई और मंगलकामनाएं दीं जाती हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि ये आनंद मनाने का पर्व है। खुश होकर, आनंद लेकर ही मनाये। उन्होंने सभी से आत्मीयता और सौहार्द के साथ सभी त्यौहार मनाने का आह्वान किया। समारोह में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद खजुराहो वी.डी.शर्मा, समाजसेवी हितानंद शर्मा, सांसद भोपाल आलोक शर्मा, सांसद नर्मदापुरम दर्शन सिंह चौधरी, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, रविन्द्र यति, गणमान्य नागरिक, पत्रकार, अधिकारी और कलाकारों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ होली मनाई। सभी ने बड़े हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की मंगलकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के रूप में सुघड़ कलाकारों ने ब्रज, बरसाने और महाकाल की होली का भव्य एवं मनोरम मंचन किया गया। पारम्परिक गीत-संगीत, नृत्य और रंगों की इस अनुपम छटा ने सभी को अभिभूत कर दिया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि होली भाईचारे, प्रेम और समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे पर्यावरण का संवेदनशीलतापूर्वक ध्यान रखते हुए होली मनाएं और जल संरक्षण का भी संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। उल्लास और उमंग से सराबोर इस होली मिलन समारोह में सभी ने शालीनता के साथ पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच पर प्रस्तुती दे रहे कलाकारों और अतिथियों के साथ रंग बरसे भीगे....., होली के दिन दिल खिल-खिल.....,, दमादम मस्त कलंदर, भोले खेलें होली... जैसे होली गीतों का सस्वर गायन कर सभी के उल्लास को दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे सभी आगंतुकों पर पुष्प-वर्षा के साथ गुलाल उड़ाकर मेजबान के रूप में सबका स्वागत किया।

## होली खेलकर आये इंजीनियर ने फांसी लगाकर दी जान

**नशे की हालत में था मृतक, एक साल पहले ही हुई थी शादी**

भोपाल(ए)। राजधानी के उपनगर बैरागढ़ थाना इलाके के सीटीओ बैरागढ़ में रहने वाले एक युवक ने होली की रात अपेन घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल सुसाइड के कारणो का खुलासा नहीं हो सका है, जिसकी पुलिस जॉच कर रही है। मूल रुप से मूल रूप से राजगढ़ के भीलवाढिया का रहने वाला 24 वर्षीय ईश्वर मालवीय पिता



विक्रम सिंह मालवीय बीते तीन सालो से परिवार सहित सीटीओ बैरागढ में रह रहा था। बताया गया है, की निजी टेलिकॉम कंपनी में इंजीनियर की नौकरी करने वाले ईश्वर की शादी एक साल पहले रुकमा से हुई थी। परिवार वालो ने पुलिस को बताया की होली मनाने के बाद रात के समय ईश्वर घर लौटा था। उसने पत्नी से कहा था कि मैं भांग पीकर आया हूं। पत्नी ने उससे कहा की वह नहाकर थोड़ा आराम करने के लिये लेट जाये , इससे उसकी तबीयत ठीक लगेगी। उससे थोड़ी बातचीत के बाद पत्नी अपने घरेलू काम में व्यस्त हो गई। वहीं ईश्वर अपने कमरे में चला गया। पत्नि ने सोचा की पति लेटने के लिये गया होगा और थोड़ी देर बाद उसका भांग का नशा उतर जायेगा जिसके बाद उसे खाना दे दूंगी। लेकिन ईश्वर ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। शुरुआती जॉच में परिवार वालो ने पुलिस को बताया की उसने कभी भी किसी तरह की कोई भी परेशानी की बात नहीं की थी, और न ही उसकी पत्नी से कोई अनबन चलती थी। खुदकुशी के समय वह नशे की हालत में था।

## लाखों की रिश्वत मामले में आरोपी टीआई जितेंद्र गढ़वाल की अग्रिम जमानत खारिज

**- कॉल सेंटर पकड़ाने के बाद आरोपियो को बचाने पुलिस कर्मियो ने रचा था खेल**



निलंबित टीआइ जितेंद्र गढ़वाल

निलंबित एएसआइ पवन रघुवंशी

भोपाल(ए)। राजधानी के ऐशबाग थाना इलाके में पकड़े गये ठगी के कॉलसेंटर के आरोपियो को बचाने के लिये ली गई लाखो की रिश्वत के मामले में आरोपी बनाये गये फरार सस्पेंड टीआई जितेंद्र गढ़वाल को कोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। हालांकि मामले में चारो पुलिस कर्मियो सहित टीआई गढवाल को पुलिस कमिश्रनर ने पहले ही संस्पेंड कर दिया था। जिसके बाद सभी पुलिस कर्मियो सहित टीआई भी फरार हैं। उनकी ओर से प्रताप मिश्रा की कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई गई थी। अदालत ने टीआई पर दर्ज प्रकरण को काफी गंभीर माना और जमानत का लाभ देने से इंकार करते हुए जमानत याचिका निरस्त कर दी। निचली अदालत से जमानत निरस्त होने पर अब फरार टीआई राहत पाने के लिये हाईकोर्ट मे दस्तक दे सकते है। वहीं पुलिस की तीन टीमें आरोपी पुलिसकर्मियों की तलाश कर रही हैं। गौरतलब है की इस मामले में टीकमगढ के पार्षद अंशुल उर्फ मोना जैन, बीजेपी नेता मोइन खॉन भी फरार हैं। जिनकी धरपकड़ के लिये पुलिस टीमे टीकमगढ़ मे भी दबिश दे चुकी है, लेकिन वह भी हत्थे नहीं चढ़ सके। उल्लेखनीय है कि बीते दिनो भोपाल के ऐशबाग थाना इलाके में ठगी के एक कॉल सेंटर का भांडाफोड़ हुआ था। इस मामले के आरोपियों में से एक आरोपी मोइन खॉन को बचाने के ऐवज में एएसआई पवन रघुंवशी ने उससे 25 लाख रुपए में डील की थी। उसी डील की पहली किस्त के रूप में एएसआई 5 लाख रुपए ले रहा था। जोन-1 की एडिशनल डीसीपी रश्मि दुबे और एसीपी सुरभी मीणा सहित क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना मिलने पर निलंबित एएसआई पवन रघुवंशी को पांच लाख की रिश्वत की रकम के साथ पकडा था। रिश्वत की रकम पवन टीआई जितेंद्र गढवाल के कहने पर ले रहा था, हालांकि पवन बाद में चकमा देकर फरार हो गया था। रिश्वत कांड के इस मामले में टीआई जितेंद्र गढ़वाल के साथ ही पवन रघुवंशी, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र, प्रधान आरक्षक मनोज और टीकमगढ़ से रिश्वत देने वाले अंशुल उर्फ मोना जैन को भी आरोपी बनाते हुए सभी के खिलाफ खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओ के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में कार्रवाई में लापरवाही को लेकर पुलिस ने ऐशबाग थाना टीआई जितेंद्र गढ़वाल सहित चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया था। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा के निर्देश पर चारों आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही है।

## 12वीं कक्षा की छात्रा ने होली खेलने के बाद घर जाकर लगा ली फांसी

भोपाल(ए)। नये शहर के कोलार थाना इलाके में बाहरवीं कक्षा की स्कूली छात्रा द्वारा होली खेलने के बाद घर जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सके। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गेहुंखेड़ा कोलार रोड स्थित भगवान स्टेट में रहने वाले प्रफुल्ल रावत निजी काम करते है। उनकी 17 साल की बेटी अंजलि रावत बारहवीं कक्षा की छात्रा थी। इन दिनों उसकी परीक्षा चल रही थी। होली के दिन उसने घर के बाहर जाकर अपनी सहेलियों के साथ होली खेली थी। रंग खेलने के बाद वह वापस घर लौट आई। इस दौरान उसके माता-पिता और भाई भी आसपास के लोगो के साथ घर के बाहर त्यौहार की बधाई देते हुए मिलजूल रहे थे। इधर घर आकर अंजलि ने ने नहाया और अपने कमरे में चली गई। थोड़ी देर बाद जब परिवार वाले होली खेलकर घर वापस घर आए तो उन्होंने कमरे का दरवाजा भीतर से बंद मिला। परिजनों ने उसे काफी आवाजे देते हुए दरवाजा खटखटाया लेकिन न तो अंजलि ने भीतर से कोई जवाब दिया और न ही दरवाजा खोला। घबराये परिजनो ने पुलिस को सूचना दी। खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने जैसै-तैसै दरवाजा खोला। अंदर जाकर देखने पर अंजलि का शव फंदे पर लटका हुआ नजर आया। उसे तुरंत ही फंदे से उतारकर इलाज के लिये नजदीक के निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। जॉच टीम को घटनास्थल की छानबीन के दौरान सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि परिवार वालो के बयान दर्ज करने के साथ ही अन्य बिंदुओ की जॉच की जा रही है, जिसके बाद ही खुदकुशी की वजह साफ हो सकेगी। पुलिस इन दिनो छात्रा की परीक्षॉए चलने के कारण पढ़ाई को लेकर उसके डिप्रेशन में आने के बिंदु पर भी जॉच कर रही है।

## होली के दूसरे दिन भोपाल पुलिस ने जमकर मनाई होली

**होली मिलन समारोह में आला अधिकारियों ने सैकड़ो पुलिस जवानों के साथ उड़ाया रंग-गुलाल**



भोपाल(ए)। रंगोत्सव के पर्व होली के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा होली मिलन समारोह नेहरु नगर पुलिस लाईन में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र और विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और मीडिया कर्मियो को गुलाल लगाकर होली खेली। उन्होनें सभी पुलिस परिवारो और शहरवासियों को भी हॉली की बधाई देते हुए गन और सिलेंडर से गुलाल उडाकर एवं फूल बरसाकर खुशी जताई। होली मिलन समारोह में मौजूद पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रद्धा तिवारी, पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल, पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल, पुलिस उपायुक्त सोनाक्षी सक्सेना, पुलिस उपायुक्त प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, सहायक पुलिस आयुक्त निधी सक्सेना, रक्षित निरीक्षक जयसिंह तोमर व अन्य अधिकारियों ने भी गुलाल लगाकर सभी स्टॉफ को बधाई। समारोह में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा डीजे की धुन एवं होली व फिल्मी गानों पर जमकर डांस करते हुए मौज-मस्ती की गई। साथ ही वाटर केनन से पानी की बौछार की गई इस दौरान भी सभी ने भीगते हुए डांस कर होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया। समारोह में लगभग 500 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया साथी मौजूद रहे।

## भोपाल रेल मंडल के नौ रेलवे स्टेशनों को मिला ग्रीन सर्टिफिकेशन




भोपाल(निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के नौ स्टेशनों को ग्रीन सर्टिफिकेशन मिला है। यह आइएसओ 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (इएमएस) प्रमाणपत्र यात्रियों को स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल रेल यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए दिया है। यह प्रमाणपत्र पर्यावरणीय गुणवत्ता, स्वच्छता, जल संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के बेहतर प्रबंधन के लिए दिया जाता है।यह प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले रेलवे स्टेशनों में भोपाल, बीना, इटारसी, गंजबासौदा, गुना, नर्मदापुरम, सांची, शिवपुरी और विदिशा हैं। इस प्रमाणन के तहत रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता, वैज्ञानिक कचरा निपटान, पुनर्चक्रण, ऊर्जा बचत और सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।अधिकारियों ने बताया कि भोपाल मंडल के इन रेलवे स्टेशनों पर उच्च स्वच्छता मानकों को अपनाया गया है। कचरे का व्यवस्थित निपटान, पुनर्चक्रण की सुविधाएं और जल संरक्षण के लिए विशेष उपाय किए गए हैं।ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे स्टेशनों पर बिजली की खपत कम हो रही है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है।

## लॉज में रहने वाले 68 वर्षीय वृद्ध ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

भोपाल(ए)। पुराने शहर के कोतवाली थाना इलाके में स्थित एक लॉज में रहने वाले 68 साल के वृद्ध ने सल्फास की गोलियां खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के परिवार वालों का आरोप है, वृद्ध चाय की दुकान लगाते थे, बीते समय से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के नाम पर उनकी चाय की दुकान को हटाने की लगातार सूचना मिल रही थी, इस बात को लेकर वह काफी तनाव में रह रहे थे। जानकारी के अनुसार मृतक चिमनदास कुरील (68) पुत्र मांगीलाल कुरील अलंकार लॉज में रहते हुए विद्यासागर प्याऊ के पास चाय की गुमटी संचालित करते थे। परिवार वालो का कहना है की चिमनदास बीते कुछ दिनों से काफी तनाव में रह रहे थे। उन्हें बार-बार उनकी दुकान हटाने की सूचनाएँ मिल रही थी। गुरुवार को भी किसी ने उन्हें बताया कि शुक्रवार को होली के दिन उनकी दुकान हटा दी जाएगी। इससे मानसिक रूप से वह काफी परेशान हो गए और तनाव में आकर उन्होंने सल्फास खा लिया। जानकारी लगने पर लॉज कर्मचारियों ने उन्हें नाजुक हालत में इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान उनकी हालत लगातार नाजूक होती गई, आखिरकार शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

## ड्राय डे के दिन मजदूर बेच रहे थे शराब, दोनो गिरफ्तार, लाखो की शराब जप्त

**मुख्य आरोपी फरार, कमीशन पर बिकवाता था शराब**

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल की क्राइम ब्रांच टीम ने एमपी नगर थाना इलाके में होली के डिन ड्राय डे होने पर दो स्थानों पर दबिश देते हुए लाखो की शराब जप्त की है। मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है, जो शराब की दुकाने बंद होने के चलते मंहगी कीमत में शराब खपाने की फिराक मे थे। एडीसपी शेलेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मानसरोवर काम्पलेक्स के बगल में चोरी छिपे देसी, अंग्रेजी शराब बेच रहा है। खबर मिलने पर पहुंची टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी करते हुए आरोपी शुभम भोपरे पिता रामू भोपरे (28) निवासी सरगम टॉकीज के सामने शांति नगर को गिरफ्तार कर लिया। मौके से उसके पास काफी शराब की बोतल बरामद की गई। आगे की पूछताछ में आरोपी ने बताया की उसने अपने कमरे पर शराब का स्टॉक कर रखा हुआ है। उसकी निशानदेही पर कमरे से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह शराब सतीश राउत की है, और वह उसके कहने पर कमिशन पर शराब बेचने का काम करता है। इस शराब को होली के दिन बेचने के लिए जमा कर रखा गया था। टीम ने दूसरी कार्रवाई शांति नगर आंगनबाडी के पास करते हुए यहॉ से आरोपी सचिन पासी पिता रामकुमार पासी (33) निवासी शांती नगर जैन मंदिर के पीछे, एमपी नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी मेहनत-मजदूरी का काम करता है। ड्राय डे होने पर वह सडक किनारे शराब बेच रहा था। उसकी निशानदेही पर पास में स्थित टीन शेड में छिपा कर रखी 35 लीटर से अधिक शराब बरामद की गई। दोनो कार्यवाही में टीम ने करीब चार लाख कीमत की 385 लीटर अवैध शराब जब्त की है। उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किये गये है। दोनों ही आरोपी सतीश राउत के कहने पर शराब तस्करी करते थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के पिता के निधन पर दुःख व्यक्त किया

भोपाल(ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि असीम दुःख की इस घड़ी में वे केंद्रीय मंत्री श्री यादव और उनके परिवार के साथ हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि वे परिजन को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## मध्य प्रदेश में अभी से लू जैसे हालात, खजुराहो में तापमान 39.6 डिग्री पहुंचा



भोपाल (निप्र)। लगातार चल रही गर्म हवाओं के चलते मध्य प्रदेश में अभी से लू जैसे हालात बनने लगे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सबसे अधिक 39.6 डिग्री सेल्सियस तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया। जो सामान्य से 5.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। उधर गुरुवार को रात का सबसे कम 14.7 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 14.1 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी अफगानिस्तान और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि हवाओं का रुख पश्चिमी बना हुआ है। प्रदेश के आसपास के राज्यों में तापमान बढ़े हुए हैं। इस वजह से वहां से आ रही गर्म हवाओं के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि अरब सागर में एक प्रति चक्रवात बन गया है। इस वजह से शुक्रवार से हवाओं के साथ नमी आने से तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू होने की भी संभावना है। साथ ही ग्वालियर-चंबल संभाग में बादल भी छा सकते हैं। 16 मार्च को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के भी आने के संकेत मिले हैं।

## ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक और नीदानाशक का उपयोग कम से कम करें : कृषि मंत्री श्री कंषाना

भोपाल (निप्र)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने किसानों से अपील की है कि वे ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक एवं नीदानाशक का उपयोग कम से कम करें। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि मूंग फसल में अत्यधिक रासायनिक दवाओं का दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण पर सामने आया है। ऐसे में वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों की ओर से कई तरह की बीमारियां जन्म लेने की आशंका व्यक्त की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसान भाई मूंग फसल की पैदावार के लिए ऐसा चक्र अपनाएं, जिससे ग्रीष्मकालीन मूंग प्राकृतिक रूप से अपने समय पर पक सके। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग पर कहा कि यद्यपि मूंग की पैदावार से प्रदेश में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। किसान इसे जल्दी पकाने के लिए कई बार नीदानाशक दवा (पेराक्वाट डायक्लोराइड) का छिड़काव करते हैं। इस दवा के अंश मूंग फसल में कई दिनों तक विद्यमान रहते हैं, जो मानव स्वास्थ्य एवं पशु-पक्षियों के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि कृषि एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पर्यावरणविद् और कृषि सुधार के क्षेत्र में कार्य कर रहे संगठनों ने अनुसंधान रिपोर्ट के आधार पर मूंग फसल में आवश्यकतानुसार ही कीटनाशकों के उपयोग का सुझाव दिया है। राज्य सरकार जैविक खेती को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है एवं किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव का उज्जैन हेलीपैड आगमन पर जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों द्वारा होली के पर्व पर गुलाल लगाकर भव्य स्वागत किया गया



उज्जैन (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 14 मार्च, शुक्रवार को दोपहर में कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों से होली मिलन के लिए उज्जैन पधारे।

उज्जैन हेलीपैड आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का गणमान्य नागरिकों,सांसद अनिल फिरोजिया,विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा,नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव,जनप्रतिनिधि संजय अग्रवाल, रवि सोलंकी, समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं ने गुलाल लगाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया।

इस दौरान संभागायुक्त संजय गुप्ता,एडीजीपी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन,कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भादवामाता के आगामी नवरात्रि मेले में श्रृद्धालुओं के लिए बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करें : श्री चंद्रा

## कलेक्टर एवं एसपी ने भादवामाता में नवरात्रि मेले की तैयारियों का लिया जायजा



नीमच (ए.)। मालवांचल के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र मालवा की वैष्णादेवी के नाम से सुप्रसिद्ध महामाया मां भादवामाता में चैत्र नवरात्रि पर 30 मार्च से वृहद मेला आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं एसपी अंकित जायसवाल ने गुरूवार को भादवामाता के सम्पूर्ण मेला परिसर का निरीक्षण कर नवरात्रि मेले की तैयारियों का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों को बड़ी संख्या में आने वाले श्रृद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बेहतर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने गुरूवार को मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों और कोरीडोर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा मंदिर के समीप परिसर में रखी हुई निर्माण सामग्री, मटेरियल हटवाकर, पर्याप्त साफ-सफाई करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने नवरात्रि में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं के आने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए श्रृद्धालुओं को सुगम प्रवेश एवं निकासी की पृथक-पृथक व्यवस्था, स्कूल के सामने टंकी के पास से कोरीडोर में करने के निर्देश दिए।

# म.प्र. केशरी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 21 से

## सूरजकुण्ड धाम में तीन दिन तक चलेगा आयोजन

मंडला (ए.)। जिला मुख्यालय के समीप सूरजकुण्ड धाम ग्राम सकवाह में तीन दिवसीय म.प्र. केशरी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार 21 मार्च से शुरू हो रहे इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के ख्यातिप्राप्त पहलवान भाग लेंगे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक निवास चैनसिंह वरकड़े, विधायक बिछिया नारायण सिंह पट्टा, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रफुल्ल मिश्रा शामिल होंगे। नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं भारतीय शैली कुश्ती संघ मंडला के प्रतिनिधि द्वारा जिला प्रशासन को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया।



# खसरा दिवस पर 17 से 22 मार्च 2025 तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

मंडला (ए.)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरौते ने जानकारी दी कि भारत शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2026 तक मीजल्स-रूबेला (खसरा) निर्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 16 मार्च को खसरा दिवस'' है, इस उपलक्ष्य में 17 से 22 मार्च 2025 तक विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जायेगा। ड्रॉप आउट तथा लेफ्ट-आउट बच्चों को एम.आर.-1 एवं एम.आर.-2 टीके से टीकाकृत किया जायेगा। खसरा रोग देवी प्रकोप नही है, बच्चों की गंभीर जानलेवा वायरस की बीमारी है। मीजल्स-रूबेला के दो बार टीके लगवाकर आजीवन इस व्याधि की रोकथाम की जा सकती है।

# जिले के 13 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित



टीकमगढ़(ए.)। संचालनालय आयुष भोपाल के आदेशानुसार एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के अतंर्गत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार अहिरवार के मार्गदर्शन में प्रतिमाह की भांति आज जिला टीकमगढ़ के 13 (कुडीला, कारी, कुंडेश्वर, समर्रा, लिधौरा, मवई, देरी, मज़ना, गोर, नजरबाग, बूदौर, मैंदवारा बम्होरी बराना) आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं' थीम अंतर्गत नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविर अंतर्गत नवजात एवं शिशुओं की देखभाल, जन्मजात संक्रमण और रोकथाम की जानकारी दी गई। जन्म के तुरंत बाद मां के दूध का स्तनपान ही शिशु के लिए अति आवश्यक है, जिससे बच्चे में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है के बारे में माताओं को विस्तार से समझाया गया। जन्म के तुरंत बाद बच्चों में होने वाले नियोनेटल जॉन्डिस के बारे में एवं उससे बचाव के लिए सुबह केसूर्य के प्रकाश में बच्चों को रखने की सलाह दी गई। बच्चों के मासानुमासिक आहार विहार के बारे में विस्तार से समझाया गया। नवजात के समय के साथ बढ़ते वजन एवं नियमित समय में टीकाकरण के बारे में समझाइश दी गई। नवजात बच्चे को धात्री माता के शरीर से लगाकर रखने कंगारू केयर के बारे में माताओं को बताया गया। बच्चों में दांत निकलते समय होने वाली समस्याओं एवं उसके उपचार के बारे में बताया गया।

साथ ही शिविर में आए नवजात, शिशु,धात्री माताओं एवं अन्य का स्वास्थ परीक्षण कर आवश्यकतानुसार औषधी प्रदान की गई। ग्रामवासियों को औषधीय पौधों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई तथा आवश्यक औषधीय पौधों को अपने घर आंगन में लगाने एवं सामान्य घरेलू उपचार के बारे में प्रेरित व प्रोत्साहित किया गया।

# जिले के बाहर पशुआहार, पशुचारें की निकासी पर प्रतिबंध

नीमच(ए.)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हिमांशु चंद्रा द्वारा पशुओं के आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारा, भूसा, घास, ज्वार आदि पशु चारे का उपयोग ईट भट्टे में जलाने, फैक्ट्रियों में जलाने एवं प्रदेश की सीमा से बाहर निर्यात को तत्काल प्रभाव से 30 जून 2025 तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।उपरोक्त अनुसार समस्त प्रकार के भूसा, चारा, घास, कडवी आदि को कोई भी कृषक, व्यापारी, व्यक्ति या निर्यातक संस्था किसी भी प्रकार के वाहन, नाव, मोटर-ट्रक, बैलगाडी एवं रेल्वे अथवा अन्य साधन द्वारा जिले के बाहर बिना कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लिखित अनुमति के निर्यात नहीं करेगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उक्त आदेश का उल्लंघन होने पर म.प्र. पशु चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 के निहित प्रावधनों के तहत् दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ द्वारा इस संबंध में 13 मार्च 2025 को जारी आदेशानुसार उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ जिला नीमच एवं जिले की गौशालाओं के अध्यक्ष, सचिवों एवं पशुपालक किसानों द्वारा संज्ञान में लाया गया है, कि नीमच जिला अंतर्गत चारा भूसा के निर्यात होने व अन्य कारणों से पशुओं के भूसा एवं चारा आदि की कमी होने की आशंका है। अत: जिले में उत्पादित भूसा एवं चारे को पशुओं हेतु पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एवं उनका संग्रहण करना आवश्यक है। एडीएम श्रीमती गामड़ ने सभी संबंधितों को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

# रोजगार के लिए लोन का सपना दिखाकर शिवपुरी में सैकड़ों महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी

शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी जिले भर में गरीब महिलाओं को रोजगार के लिए लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी हुई है। आरोपित रातों-रात ऑफिस बंद कर वहां से रफूचक्कर हो गए। फिलहाल ठगी की शिकार हुईं 50 से अधिक महिलाएं सामने आ चुकी हैं। महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। जानकारी के अनुसार एसपीएस स्कूल के पास फतेहपुर क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पास करीब एक से डेढ़ माह पहले उम्मीद फाउंडेशन एंड माइक्रो फाइनेंस सीकर, राजस्थान के नाम से सुरेश जाट, प्रकाश सेन कुछ लोगों ने एक ऑफिस खोला।इन लोगों ने खुद को राजस्थान का बड़ा ग्रुप बताते हुए




गरीब तबके की महिलाओं को रोजगार के लिए लोन देने के नाम पर जाल बिछाना शुरू किया। इन लोगों ने महिलाओं को दस-दस दिन की ट्रेनिंग दी और इसके बाद महिलाओं के लोन का फार्म भरने के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और बैंक पासबुक की फोटो कॉपी ली।महिलाओं से फार्म चार्ज, फाइल चार्ज आदि के नाम पर पांच-पांच हजार रुपये तक ऐंठ लिए और अपना ऑफिस खाली कर वहां से भाग लिए। इसी क्रम में बुधवार की शाम जब कुछ महिलाएं पैसे देकर फार्म भरने पहुंचीं तो उन्हें पता चला कि उक्त लोगों द्वारा ऑफिस खाली कर दिया गया है।

**दो आरोपितों के गिरफ्तार होने की सूचना**

इस पर महिलाओं को संदेह हुआ। महिलाओं ने गुरुवार की दोपहर कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण कायम कर लिया है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने शहर छोड़ने के प्रयास में दो लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

## व्यापार समाचार

# टाटा कम्युनिकेशंस ने एन गणपति सुब्रमण्यम को निदेशक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया

मुंबई (ए.) । टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बोर्ड ने एन गणपति सुब्रमण्यम को टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी।सुब्रमण्यम 2 दिसंबर, 2021 को टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में शामिल हुए थे।वे 40 से अधिक वर्षों से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (टीसीएस) और भारतीय आईटी इंडस्ट्री का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने मई 2024 में टीसीएस के मुख्य परिचालन अधिकारी और कार्यकारी निदेशक के पद से इस्तीफा दिया।टाटा कम्युनिकेशंस ने घोषणा की कि कंपनी के निदेशक मंडल ने नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश के आधार पर, 14 मार्च, 2025 से कंपनी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में एन. गणपति सुब्रमण्यम को गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, उन्होंने बैंकिंग, टेलीकॉम और पब्लिक सर्विस में वैश्विक स्तर पर टीसीएस द्वारा शुरू की गई कई ऐतिहासिक पहलों में रणनीतिक भूमिका निभाई है।कंपनी के बयान के अनुसार, उन्हें टेक्नोलॉजी, ऑपरेशन, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, बिजनेस ट्रांसफोर्मेशन और चेंज मैनेजमेंट को लेकर गहरी समझ और ज्ञान है।वर्तमान में, एन. गणपति सुब्रमण्यम टाटा एलेक्सी लिमिटेड में बोर्ड के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक, तेजस नेटवर्क लिमिटेड में बोर्ड के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक, भारत 6 जी एलायंस की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के पद भी संभाल रहे हैं।इसके अलावा, वे 'श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी' में इंस्टीट्यूट बॉडी के सदस्य हैं और 'द सोसाइटी फॉर द रिहैबिलिटेशन ऑफ क्रिपल्ड चिल्ड्रन, मुंबई' में कार्यकारी समिति के अध्यक्ष हैं।टाटा कम्युनिकेशंस ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए 236 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 424 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्शाता है।पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 45 करोड़ रुपये था।एक नियामक फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि परिचालन से उसका राजस्व दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में 5,798 करोड़ रुपये रहा, जो कि सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत की वृद्धि थी। 2023-24 की समान अवधि में परिचालन से कंपनी का राजस्व 5,587.78 करोड़ रुपये था।टाटा कम्युनिकेशंस के शुद्ध लाभ में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इससे पिछली तिमाही की तुलना में 4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो जुलाई-सितंबर तिमाही में 227 करोड़ रुपये थी। राजस्व में भी चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की तुलना में तीसरी तिमाही में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।



# चालू वित्त वर्ष में रेलवे की माल ढुलाई बढ़कर 1,465 मीट्रिक टन हुई

नई दिल्ली (ए.) । भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-25 के 11 महीनों में अब तक 1,465.371 मीट्रिक टन (एमटी) माल ढुलाई की है, जो वित्त वर्ष 2023-24 के पूरे 12 महीनों में 1,443.166 मीट्रिक टन से अधिक है। यह जानकारी रेल मंत्रालय द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों से मिली है।भारतीय रेलवे ने 2027 तक 3,000 एमटी माल ढुलाई का लक्ष्य रखा है।मंत्रालय ने कहा, भारतीय रेलवे 3,000 मीट्रिक टन माल ढुलाई के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है, वित्त वर्ष 2024-25 में 2 मार्च तक 1,465.371 मीट्रिक टन माल ढुलाई दर्ज हुई है। माल ढुलाई भारतीय रेलवे की रीढ़ बनी हुई है, जो इसके राजस्व में लगभग 65 प्रतिशत का योगदान देती है। कोयला, लौह अयस्क और सीमेंट माल ढुलाई, माल ढुलाई संचालन के माध्यम से राजस्व का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। पिछले 11 वर्षों में मालगाड़ियों और यात्री गाड़ियों की आवाजाही में वृद्धि हुई है, देश भर में 34,000 किलोमीटर से अधिक नई रेल पटरियां बिछाई गई हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के विकास के साथ मालगाड़ियों की गति भी बढ़ गई है। जनवरी के दौरान मालगाड़ी परिचालन में डीएफसी ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया, जिसने भारत के लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन में एक नया मानक



स्थापित किया। मंत्रालय के अनुसार, 2025 के पहले महीने में डीएफसी पटरियों पर प्रतिदिन औसतन 391 ट्रेनें चलाई गईं। जबकि ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) ने प्रतिदिन औसतन 209 ट्रेनें चलाईं, वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) ने प्रतिदिन औसतन 182 ट्रेनें चलाईं। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि निर्बाध और कुशल माल परिवहन के लिए डीएफसी पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाती है, जो औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए रीढ़ की हड्डी के रूप में इसकी भूमिका को मजबूत करती है।पूर्व मध्य रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे से 100 प्रतिशत माल यातायात को ईडीएफसी में डायवर्ट कर, फ्रेट कॉरिडोर ने आस-पास के क्षेत्रीय रेलवे को राहत प्रदान की और मार्गों पर महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के सुचारू संचालन को सक्षम बनाया। महा-कुंभ मेले के दौरान प्रयागराज मंडल को सहयोग देने में डीएफसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यात्री और मालगाड़ियों दोनों की सुचारू और कुशल आवाजाही सुनिश्चित हुई। अधिक यात्री और मालगाड़ियां चलाने की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारतीय रेलवे के लिए लोकोमोटिव उत्पादन में भी तेजी आई है। भारतीय रेलवे ने 2024-25 के दौरान जनवरी तक 1,346 लोकोमोटिव का निर्माण किया, जो 2023-24 के दौरान उत्पादित 1,235 लोकोमोटिव की तुलना में 9 प्रतिशत से अधिक रहा।

# अटकलों पर न दें ध्यान, मजबूत बना रहेगा बैंक', RBI ने इस बैंक के ग्राहकों को दिलाया भरोसा

मुंबई (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंडसइंड बैंक को लेकर पिछले कुछ दिनों से जारी अनिश्चितताओं के बीच बैंक के ग्राहकों को उसकी वित्तीय स्थिति के बारे में आश्वस्त किया है। केंद्रीय बैंक ने पुष्टि की कि इंडसइंड बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और जमाकर्ताओं के लिए चिंता की कोई बात नहीं है। केंद्रीय बैंक ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, इस समय जमाकर्ताओं को अटकलों पर प्रतिक्रिया करने की कोई जरूरत नहीं है। उसने कहा कि बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर बनी हुई है और रिजर्व बैंक इस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। आरबीआई के अनुसार, 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में इंडसइंड बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.46 प्रतिशत और प्रोविजन कवरेज अनुपात (पीएआर) 70.20 प्रतिशत




दर्ज किया गया।बैंक ने 9 मार्च 2025 तक 113 प्रतिशत का तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) भी बनाए रखा, जो 100 प्रतिशत की नियामक जरूरत से काफी ऊपर है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि ये आंकड़े संकेत देते हैं कि बैंक अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए वित्तीय रूप से मजबूत है। आरबीआई ने आगे कहा कि इंडसइंड बैंक ने अपने सिस्टम की समीक्षा करने और हाल के घटनाक्रमों के प्रभावों का आकलन करने के लिए एक बाहरी ऑडिट टीम को नियुक्त किया है। बैंक के बोर्ड और प्रबंधन को चालू तिमाही (वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही) के भीतर सुधार से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने और हितधारकों को उचित खुलासे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। आरबीआई ने अपने बयान में इस बात पर जोर दिया कि जमाकर्ताओं को काल्पनिक रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए, क्योंकि बैंक की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी हुई है और इसकी कड़ी निगरानी की जा रही है। केंद्रीय बैंक ने वित्तीय अनिश्चितताओं के दौरान जमाकर्ताओं की सुरक्षा में अपने मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड पर भी प्रकाश डाला।

# पैन की तरह अब वोटर आईडी भी होगी आधार से लिंक, चुनाव आयोग ने बुलाई बैठक

नई दिल्ली (ए.)। चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से वोटर आईडी को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया अब गति पकड़ सकती है। पैन कार्ड की तर्ज पर मतदाता पहचान पत्र (EPIC) को भी आधार से लिंक करने की योजना पर चुनाव आयोग गंभीरता से विचार कर रहा है। इस संबंध में अगले हफ्ते चुनाव आयोग एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने जा रहा है, जिसमें गृह मंत्रालय, कानून मंत्रालय और आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई के उच्च अधिकारी हिस्सा लेंगे। इस पहल का मुख्य लक्ष्य मतदाता सूची से फर्जी और डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान कर उन्हें हटाना है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में 2021 में हुए संशोधन के बाद चुनाव आयोग ने मतदाताओं से स्वेच्छा से आधार नंबर एकत्र करना शुरू कर दिया था। हालांकि, अभी तक चुनाव आयोग ने आधार और मतदाता पहचान पत्र के डेटाबेस को आपस में नहीं जोड़ा है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना और डुप्लीकेट वोटर पंजीकरण को पहचानना था, लेकिन आधार को लिंक करना अभी तक अनिवार्य नहीं किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर आगामी 18 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, विधायी विभाग के सचिव राजीव मणि और यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार के साथ विचार-विमर्श करेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल समेत कुछ राज्यों में एक ही EPIC नंबर वाले मतदाताओं का मुद्दा उठाया है।



## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

### भारत के सामने नई चुनौतियां

हले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर डब्लूटीओ के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मगर अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं। भारत सरकार के सामने नई चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए फिर से भारत का नाम उन देशों के साथ लिया, जिनके बारे में उनकी राय है कि इन देशों ने अपनी ऊंची शुल्क दर से अमेरिका की नरम नीति का फायदा उठाया है। इन देशों पर उन्होंने अगले दो अप्रैल से जैसे को तैसा' टैक्स लगाने का एलान किया- यानी जो देश जिस दर से अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाता है, अब उसके उत्पादों पर उतना ही शुल्क अमेरिका में लगेगा। चूंकि ट्रंप किसी वर्तमान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते, तो वे यह नहीं बताते कि उन देशों को पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया था। हैरतअंगेज है कि भारत सरकार या विपक्ष ने भी अपनी जनता को इस बारे में जागरूक करने का प्रयास नहीं किया है। पहले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मकसद न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था बनाना था। मगर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही डब्लूटीओ में न्यायाधीशों की नियुक्ति रोक कर इस संगठन को निष्क्रिय कर दिया। अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं। इससे भारत में फैली घबराहट का अंदाजा इसी से लगता है कि भारत के दवा निर्यातकों ने सरकार से अमेरिकी दवाओं पर आयात शुल्क कर देने की मांग की है, ताकि जैसे को तैसा' टैरिफ के असर से वे बच जाएं। मगर यह फैसला आसान नहीं है।नई अमेरिकी टैरिफ से विभिन्न उत्पाद प्रभावित होंगे, तो क्या सब पर आयात शुल्क शून्य किया जा सकता है? क्या केंद्र देश के व्यापार लाभ को शून्य करने का जोखिम उठाने की स्थिति में है? वैसे चुनौतियां और भी हैं। मसलन, अमेरिकी तकनीकी एवं वित्तीय सेवा कंपनियों ने भारत डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम के नियमों के तहत डेटा को भारत में ही रखने संबंधी प्रावधान को लागू ना करने की मांग की है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में होली मनाते हुए संगीत वाद्ययंत्र बजाया।

# महिलाओं के नेतृत्व में विकास

**ज्योति विज**

पिछले दशक में भारत की विकास गाथा में एक उल्लेखनीय बदलाव आया है और इस यात्रा का सबसे उत्साहवर्धक पहलू यह है कि इस देश की विकास गाथा में महिलाओं की भूमिका में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज हम गर्व से यह कह सकते हैं कि भारत के विकास के एजेंडे के केन्द्र में 'नारी शक्ति' है। भारत महिलाओं को न केवल जमीनी स्तर पर सशक्त बना रहा है, बल्कि विकसित भारत के निर्माता के रूप में उनके नेतृत्व का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।

महिलाओं को विकास के लाभार्थी के रूप में देखने से लेकर उन्हें परिवर्तन के वाहक के तौर पर पहचानने की दिशा में आया बदलाव, सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों द्वारा समर्थित है। जीवन की निरंतरता से संबंधित दृष्टिकोण के तहत तैयार की गई ये नीतियां महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और यह सुनिश्चित कर रही हैं कि उन्हें बचपन से लेकर शिक्षा, सम्मानजनक जीवन, मातृत्व, वित्तीय आजादी एवं आर्थिक एकीकरण के मामले में सहायता हासिल हो।

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसी शैक्षिक एवं पोषण संबंधी सहायता योजनाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक असमानताओं को पाटने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन पहलों ने न केवल जन्म के समय लिंग अनुपात को बेहतर बनाने में मदद की है, बल्कि लैंगिक रूप से अपेक्षाकृत अधिक संतुलित समाज के निर्माण का आधार भी तैयार किया है।

इसके अलावा, आंगनवाड़ी प्रणाली और पोषण अभियान जैसी पहलों ने महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। ये कार्यक्रम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि महिलाओं तथा युवतियों को वह पोषण एवं शिक्षा मिले जिसकी उन्हें अपने भविष्य की एक ठोस नींव रखने के लिए ज़रूरत है।

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं ने भी महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में गहरा असर डाला है। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने देश भर में 10.3 करोड़ से ज़्यादा एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। इस कदम से खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी जोखिम कम हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन ने 11.8 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया है। इससे महिलाओं की स्वच्छता और



सुरक्षा के मामले में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन प्रयासों का महिलाओं की उत्पादकता पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ा है।

सबसे परिवर्तनकारी पहलों में से एक है 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम)। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों - खासतौर पर ग्रामीण महिलाओं एवं समुदायों को बेहद सशक्त बनाया है। 31 जनवरी, 2025 तक, 10.05 करोड़ से ज़्यादा परिवारों को लगभग 90.87 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में संगठित किया जा चुका है। इसके अलावा, एसएचजी के छह लाख से अधिक सदस्यों को विभिन्न भूमिकाओं - पशु सखी एवं कृषि सखी से लेकर बैंक सखी, बीमा सखी और पोषण सखी तक - में सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी) के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इन प्रयासों ने महिलाओं को न केवल वित्तीय स्थिरता प्रदान की है, बल्कि उनमें अपने समुदायों के भीतर नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आत्मविश्वास भी जगाया है।

देश के तेज विकास को नवाचार एवं उद्यमिता से गति मिल रही है। मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल न केवल भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल रही हैं, बल्कि महिलाओं के लिए नए अवसर भी पैदा कर रही हैं। भारत, जिसे अब दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में पहचाना जाता है, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में उछाल का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) और स्टैंड-अप इंडिया जैसी पहल इस रूझान को बढ़ावा देने में सहायक रही हैं।

पालना योजना और कामकाजी महिला छात्रावास योजना जैसी लक्षित पहलों के माध्यम से श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं के सामने आने वाली दो सबसे महत्वपूर्ण बाधाओं ङ्क देखभाल संबंधी कार्य और आवास से जुड़ी समस्या - को दूर करना है।

इन उन्नतियों के बावजूद, देश में देखभाल से संबंधित एक समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण इकोसिस्टम स्थापित करना तत्काल आवश्यक है। यों तो सरकार बच्चों एवं वृद्धों की देखभाल से जुड़ी सुविधाओं के मामले में मौजूद खाई को पाटने की दिशा में सराहनीय प्रगति कर रही है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। एक ऐसे समन्वित दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो न केवल भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करे, बल्कि एक मजबूत नीतिगत ढांचे एवं गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को भी कार्यान्वित करे।

उदाहरण के लिए, सरकार डे-केयर सेंटरों को प्रमाणित करने और मानकीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उनकी गुणवत्ता की नियमित निगरानी करने हेतु एक वैधानिक निकाय के गठन पर विचार कर सकती है। इसके अलावा, कामकाजी महिलाओं को बच्चों (5 वर्ष की आयु तक के बच्चों) की देखभाल पर किए गए खर्चों के लिए एक निर्धारित सीमा तक विशेष कर संबंधी छूट प्रदान करने से अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।इसके अलावा, राज्यों द्वारा महिलाओं को शारीरिक श्रम वाली (ब्लू कॉलर) नौकरियों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने वाली नीतियों को अधिक व्यापक रूप से अपनाने की आवश्यकता है। इन नीतियों में रात की पाली में काम करने तथा सुरक्षा से जुड़े उपायों का पर्याप्त प्रावधान होना चाहिए। सरकार ने महिलाओं के राजनीतिक एवं डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। पीएमजीडीआईएसएचए जैसी डिजिटल पहल ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय आजादी हासिल करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में समर्थ बना रही है। एआई, ब्लॉकचेन और फिनटेक का उदय एसटीईएम क्षेत्रों में महिलाओं के लिए नए मार्ग प्रशस्त कर रहा है, जिसमें विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में महिलाएं-किरण (डब्ल्यूआईएसई-किरण) और संस्थानों को बदलने के लिए लैंगिक उन्नति (जीएटीआई) जैसी पहल शामिल हैं। राजनीतिक मोर्चे पर, महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने से विधायी निकायों में अधिक प्रतिनिधित्व का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

# भारत के आर्थिक विकास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की भूमिका

**लव कुमार मिश्रा**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश भर में कोयला, बिजली, सीमेंट और स्टील जैसे प्रमुख संसाधनों की आवाजाही को सुगम बनाकर भारत की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । 2003 में अपनी स्थापना के बाद से, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बिलासपुर में इस क्षेत्र का उद्घाटन किया था, तब से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे माल और यात्री दोनों की आवाजाही को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरा है । बिलासपुर में मुख्यालय वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों में परिचालन करता है । यह केंद्रीय रूप से स्थित क्षेत्र कोयले के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है, जो इसके तत्काल भौगोलिक क्षेत्र से परे थर्मल पावर प्लांट और उद्योगों का समर्थन करता है । आवश्यक संसाधनों का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करके इस रेल्वे ने औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

हाल के वर्षों में, भारत के तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास और बिजली, सीमेंट, कोयला और इस्पात क्षेत्रों के विस्तार ने कच्चे माल के परिवहन की मांग को बढ़ा दिया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोयले और अन्य खनिजों की आवाजाही का सफलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए इस मांग को प्रभावी ढंग से पूरा किया है । यह देश की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में सहायक रहा है । इस उपलब्धि के बावजूद, दक्षिण पूर्व



मध्य रेलवे अपने बुनियादी ढांचे का विस्तार करने और खनिज परिवहन क्षमता, विशेष रूप से कोयला में सुधार करने के लिए नए रास्ते तलाशना जारी रखता है । भारी माल ढुलाई के साथ-साथ यात्री यातायात में लगातार 5 प्रतिशत की वृद्धि को प्रबंधित करने की चुनौती के बावजूद, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए यात्री सेवाएँ भी प्राथमिकता बनी हुई हैं । यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए त्यौहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं और मौजूदा ट्रेनों में अक्सर अतिरिक्त कोच जोड़े जाते हैं । निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए समय की पाबंदी में सुधार के प्रयास भी किए जा रहे हैं ।

अपने बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सक्रिय रूप से अमृत भारत स्टेशन योजना को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य यात्री सुविधाओं और परिचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रमुख स्टेशनों का पुनर्विकास करना है। इस पहल के तहत बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है । बिलासपुर स्टेशन के परिवर्तन पर 392 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है, जिसमें बेहतर प्रवेश बिंदु, स्थानीय कला को एकीकृत करने वाली विरासत से प्रेरित वास्तुकला और सौर पैनल और वर्षा जल संचयन जैसी टिकाऊ सुविधाएँ शामिल हैं । स्टेशन पर 26 लिफ्ट और 26 एस्केलेटर होंगे, जिससे पहुंच में काफी सुधार होगा । 463 करोड़ के बजट के साथ रायपुर स्टेशन का पुनर्विकास, भविष्य की मेट्रो कनेक्टिविटी और बेहतर बस स्टेशन पहुंच के लिए प्रावधानों को एकीकृत करता है । विस्तारित पार्किंग सुविधाएं और दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाएं पुनर्निर्मित स्टेशन की मुख्य विशेषताएं हैं । 441 करोड़ की लागत से अपग्रेड किए जाने वाले दुर्ग स्टेशन में हेरिटेज थीम वाली डिजाइन, आधुनिक सुविधाएं और ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन की सुविधा होगी । इसका विस्तारित लेआउट यात्रियों के लिए अधिक सुविधा सुनिश्चित करेगा ।इन प्रमुख केंद्रों के अलावा , दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 567 करोड़ के बजट से 46 अतिरिक्त स्टेशनों का आधुनिकीकरण कर रहा है । रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, भिलाई नगर, राजनांदगांव, गोंदिया और छिंदवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशन इस पहल का हिस्सा हैं ।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किये हुये काम का आज सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी।

वृष राशि- आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग क्लोज रखेंगे तो सफलता जरूर हासिल होगी। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। शाम को बच्चों के साथ खेलने से दिन भर की थकान दूर होगी। छात्रों की शिक्षा उत्तम रहेगी और वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेशगमन कर सकते हैं।

मिथुन राशि- आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। लवमेट आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बातें सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये फायदेमंद रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिये आज का दिन अच्छा है।

कर्क राशि- आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जाएंगे, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में इजाफा बचत को थोडा मुश्किल बना देगा। आज किसी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है।

सिंह राशि- आज का दिन शानदार रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको जरूर फायदा होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के विचार आयेंगें। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी के दिलों को अपनी तरफ़ खींचेगा। आज दूर का रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकते है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें, गाड़ी के जरुरी कागजात भी साथ रखें।

तुला राशि- आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पयर्टन से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नकामयाब कोशिश कर सकता है। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि- आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी। नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रमोशन हो सकता है। इस राशि के विवाहित आज किसी धार्मिक समारोह में जायेंगें। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें, वरना आपका अधिक समय फीजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें। इससे आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी।

मकर राशि- आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा मामला आज सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगें।

कुंभ राशि- आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। अचानक धन लाभ होगा, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। सेहत सम्बन्धी समस्याओं से आज आपको छुटकारा मिलेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित कर लेंगे। रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे।

# 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की पैथोलॉजी लैब के निजीकरण के दुष्परिणाम

### जाँच दरों में 14 से 1108 प्रतिशत तक हुई वृद्धि

**डॉ. चन्दर सोनाने**

करीब डेढ़ साल पहले मध्यप्रदेश की श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने एक मनमाना और अदूरदर्शितापूर्ण फैसला लिया था। आमजन को दी जा रही सुविधाओं के विरूद्ध प्रदेश के 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की पैथोलॉजी लैब का सरकार द्वारा निजीकरण कर दिया गया था। निजीकरण का दुष्परिणाम यह हुआ कि उक्त 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की लैब की जाँच दरों में 14 से लेकर 1108 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। हुआ कुछ यूं था कि मध्यप्रदेश के मेडिकल कॉलेजों की पैथोलॉजी लैबों के निजीकरण के साथ ही राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने अपने खर्चे पर कंपनी को 5 से 8 हजार वर्गफीट की लैब भी बना करके दी। इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर एनएबीएल/एनएबीएच सर्टिफिकेट का पूरा खर्चा भी उठाया। इसके बाद होना यह था कि जाँच की दरें कम हो जाए। किन्तु हुआ इसका उल्टा। निजीकरण के बाद जाँच दरों में अधिकतम 1108 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। इस कारण सरकार को निजी कंपनियों को 200 करोड़ रूपए का भुगतान करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, बिल बढ़े इसके लिए सर्दी, जुकाम और ज्वाइंट पेन के मरीजों की भी बेवजह महंगी जाँचें की जा रही है। जाँच का काम देख रही हिन्दुस्तान अरनील क्लीनिकल लैब ( एचएसीएल ) और मेडिकल कॉलेजों के बीच जो अनुबंध हुआ उसके अनुसार जाँच की दरें चौंकाने वाली है। जो जाँच भोपाल के एम्स में 300 रूपए में हो जाती है, वहीं अब प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में 550 रूपए तक में हो रही है। चंडीगढ़ पीजीआई में जो टेस्ट 200 रूपए का है उसके लिए राज्य सरकार निजी कंपनी को 460 रूपए दे रही है। रिएजेंट ( केमिकल ) की कमी बताकर तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा निजी कंपनी को सरकारी सेटअप में एन्ट्री दिलाई गई। राज्य सरकार ने लगभग 100 करोड़ से ज्यादा का इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी को सौंप दिया। मजेदार बात यह है कि लैब, डॉक्टर, टैक्नीशियन सब राज्य सरकार




के है और केवल जाँचें निजी हाथों को सौंप दी गई है। कंपनी की जिम्मेदारी केवल यह है कि उनके दो कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाईजर, मशीन रखरखाव और रिएजेंट तक सीमित है। सामान्यत: किसी भी पैथोलॉजी लैब जाँच में रिएजेंट का खर्च 10 से 15 प्रतिशत तक ही है। इस प्रकार सारा खर्च राज्य सरकार ने उठाया और पूरा मुनाफा कंपनी को मिल रहा है। आइये, अब आपको बताते हैं किन प्रमुख जाँचों में 100 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई है। ब्लीडिंग टाईम, सीटी की जाँच पहले मात्र 21 रूपए में होती थी। अब 47 रूपए में यहीं जाँच हो रही है। इस प्रकार करीब 124 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। बीएमएस और साइटोकेमिस्ट्री की जाँच पहले 240 रूपए में होती थी। अब 506 रूपए में यहीं जाँच हो रही है। इस प्रकार करीब 111 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। बोन मैरो की जाँच पहले 72 रूपए में होती थी। अब 150 रूपए में यहीं जाँच हो रही है। इस प्रकार करीब 200 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। फाइब्रिनोजन डी-डिमर की जाँच पहले 60 रूपए में होती थी अब 148 रूपए में हो रही है। इस प्रकार इसमें करीब 250 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सीरम इलेक्ट्रोलाईट की जाँच पहले 72 रूपए में होती थी। अब उसके 165 रूपए लग रहे है। इसमें भी करीब 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मैग्नीशियम की जाँच पहले 42 रूपए में होती थी। वहीं जाँच अब 165 रूपए में हो रही है। इस प्रकार इसमें करीब 300 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। सीरम विटामिन्स की जाँच पहले मात्र 52 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 210 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। टोटल टेस्टोस्टेरोन की जाँच पहले मात्र 51 रूपए में होती थी। वहीं अब 120 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 250 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सी-पेप्टाइड की जाँच पहले 105 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 240 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 250 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईएसआर की जाँच पहले मात्र 18 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 81 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 350 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्लेटलेट कन्सट्रेट की जाँच पहले मात्र 56 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 400 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 614 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। बोन मैरो स्मीयर टेस्ट की जाँच पहले मात्र 81 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 250 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 209 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। सबसे अधिक चौंकाने वाली जांच के रेट बढ़ाए गए है पैक्ड रेड सेल के। इसकी जाँच पहले मात्र 120 रूपए में होती थी। अब इसे बढ़ाकर 1450 रूपए कर दी गई है। इस प्रकार इसमें 1108 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि जिस प्रकार तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के 13 मेडिकल कॉलेजों की पैथालॉजी लैब का निजीकरण कर दिया था, जिसकी वजह से जाँच दरों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। उसी प्रकार अब डॉ.मोहन यादव की सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों को भी निजी हाथ में देने की गतिविधि शुरू कर दी गई है। मध्यप्रदेश में 51 सिविल अस्पताल है। 348 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं। इनमें से प्रथम चरण में राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने पीपीपी मोड पर 10 जिला अस्पतालों में निजी मेडिकल कॉलेज बनाने का फैसला कर लिया है। ये 10 जिला अस्पताल हैं- खरगोन, धार, बैतूल, टीकमगढ़, बालाघाट, कटनी, सीधी, भिंड, मुरैना आदि। यह सर्वज्ञात सत्य है कि राज्य में डॉक्टरों की भारी कमी है। सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञों के 2,374 पद बरसों से खाली पड़े है। यह कुल स्वीकृत पदों का 63.73 प्रतिशत है। चिकित्सा अधिकारियों के 1,054 पद खाली पड़े हैं। यह स्वीकृत पदों का 55.97 प्रतिशत ही हैं। दन्त चिकित्सकों के 314 पद खाली पड़े है।



# ‘सात दिन तक खाई जेल की रोटी, मुझे डंडों से पीटा गया’, अमित शाह ने बताई असम में कांग्रेस शासन की कहानी

गोलाघाट (ए.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने असम के डेरगांव में लचित बरफुकन पुलिस अकादमी के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस पर खूब निशाने साधे। उन्होंने अपनी पुरानी यादें असम के लोगों के साथ सांझा की।

शाह ने बताया कि असम में कांग्रेस सरकार के दौरान, उनके साथ मारपीट की गई और उन्होंने राज्य में सात दिनों तक जेल का खाना भी खाया। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने असम में शांति नहीं रहने दी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि असम में कांग्रेस सरकार ने मुझे भी पीटा है। हितेश्वर सैकिया असम के मुख्यमंत्री थे और हम पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ नारे लगाते थे कि ‘असम की गलियां सुनी हैं, इंदिरा गांधी



खूनी है’। मैंने भी असम में सात दिनों तक जेल का खाना खाया था और पूरे देश से लोग असम को बचाने के लिए आए थे। आज असम विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

शाह ने आगे कहा कि आने वाले पांच वर्षों में पुलिस अकादमी पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी बन जाएगी। मैं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को इसका नाम लाचित बरफुकन के नाम पर रखने के लिए धन्यवाद देता हूं। बहादुर योद्धा लाचित बरफुकन ने असम को मुगलों के खिलाफ विजयी होने में मदद की। लचित बरफुकन केवल असम राज्य तक ही सीमित थे, लेकिन आज लाचित बरफुकन की जीवनी 23 भाषाओं में पढ़ाई जा रही है और छात्रों को प्रेरित कर रही है।

# ‘जो पाकिस्तान गए वो कायर, हम भागेंगे नहीं’, होली पर घर में रहने की हिदायत पर भड़के ओवैसी

हैदराबाद (ए.)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन



ओवैसी ने होली के दौरान मुस्लिमों को घर में रहने की हिदायत देने पर आपत्ति जाहिर की है। ओवैसी ने कहा कि ‘हम कायर नहीं हैं। हम भागेंगे नहीं।’ ओवैसी की प्रतिक्रिया उन बयानों के विरोध में थी, जिसमें कहा गया था कि अगर मुस्लिम नहीं चाहते कि होली के दौरान उन्हें कोई रंग लगाए, तो उन्हें घर के अंदर ही रहना चाहिए। बता दें कि उत्तर प्रदेश के संभल में सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी ने 6 मार्च को सुझाव दिया था कि जो लोग रंगों से असहज हैं, उन्हें घर के अंदर रहना चाहिए।

## सीएम योगी पर भी बोला हमला

सीओ अनुज चौधरी के बयान का यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी समर्थन किया था। ओवैसी ने कहा, ‘कुछ लोग कहते हैं कि आपको नमाज़ नहीं पढ़नी चाहिए और घर के अंदर ही रहना चाहिए। उनका कहना है कि जैसे हमने अपनी मस्जिदों को ढक रखा है, वैसे ही हमें खुद को भी ढकना चाहिए, नहीं तो घर के अंदर ही रहना चाहिए।’ ओवैसी ने कहा, ‘जो लोग पाकिस्तान चले गए, वे कायर थे। हम भागेंगे नहीं, हम कायर नहीं हैं। एक मुख्यमंत्री ने कहा कि जुमा की नमाज घर पर भी अदा की जा सकती है। वह कौन होते हैं हमें यह बताने वाले कि हम क्या कर सकते हैं और क्या नहीं?’

# महाराष्ट्रः लातूर में बांग्लादेशियों का फर्जी जन्म प्रमाणपत्र घोटाला सामने आया, किरीट सोमैया ने किया उजागर

लातूर (ए.)। महाराष्ट्र में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के फर्जी प्रमाण पत्र बना कर रहने का मामला सामने आया है। महाराष्ट्र के लातूर में बांग्लादेशियों के जन्म प्रमाणपत्र घोटाला सामने आया है। नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।लातूर में बांग्लादेश जन्म प्रमाण पत्र घोटाले के संबंध में भाजपा नेता किरीट सोमैया ने वीडियो बयान में कहा, आरोप है कि इन सभी ने फर्जी आधार कार्ड, नकली दस्तावेज और झूठे शपथ पत्रों का इस्तेमाल करके भारत में जन्म प्रमाणपत्र हासिल किया। सभी नौ आरोपियों के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए लातूर में एफआईआर दर्ज की गई है।लातूर में भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और जालसाजी जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। सभी आरोपी बांग्लादेश के नागरिक हैं और अवैध रूप से महाराष्ट्र में रह रहे थे। इन लोगों ने फेक



दस्तावेज के आधार पर अपना जन्म प्रमाण पत्र पाने की अर्जी भी दी थी।जिन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है उनमें एस. यूसुफ पठान, अनीरूनीसा मोहम्मद, फैमुन्बी अय्यूब मणियार, शाहिदा शौकत कुरेशी, फरहीन तौसीफ, हुसैन गफूर शेख, नाजेरा अब्दुल कुद्दूस, रुखसार मोसीन कुरैशी और मुस्तफा महबूब शामिल हैं। बता दें कि इससे पहले भी किरीट सोमैया महाराष्ट्र में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने 22 जनवरी को एक्स पर पोस्ट कर अवैध तरीके से रह रहे लोगों का एक आंकड़ा भी जारी किया था। भाजपा नेता ने दावा किया था कि महाराष्ट्र के अकोला जिले में 15,845 बांगलादेशी, रोहिंग्या को फर्जी जन्म प्रमाणपत्र देने का घोटाला हुआ है। साथ ही उन्होंने इसकी जांच की भी मांग की थी।

## पांच करोड़ का कर्ज और सारा परिवार खत्म,दंपती और दो बेटों ने फंदा लगा दी जान

चेन्नई (ए)। तमिलनाडु के चेन्नई शहर के तिरुमंगलम इलाके में कर्ज में डूबे होने के कारण एक ही परिवार के चार सदस्यों ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह को तब हुई जब पड़ोसियों को गड़बड़ी होने का संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, दरवाजा तोड़ा और पाया कि परिवार के सभी चार सदस्यों के शव पंखे से लटके हुए थे। मृतकों की पहचान डॉक्टर बालामुरुगन, उनकी वकील पत्नी और उनके दो बेटों के रूप में हुई है। पुलिस ने प्रारंभिक रिपोर्टों के हवाले से कहा कि डॉक्टर ने पांच करोड़ रुपये का कर्ज लिया था और उसे चुकाने में असमर्थ था, जिसके कारण उसे और उसके परिवार को यह कदम उठाना पड़ा।

# घरेलू विवाद में खूनी संघर्ष, पत्नी ने चाकू से काट दिया पति का प्राइवेट पार्ट; तड़प-तड़प कर मौत



हाजीपुर (ए)। बिहार में लालगंज के करताहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवान भटौली पंचायत के भटौली गांव में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने धारदार चाकू से अपने पति का प्राइवेट पार्ट काट दिया, जिससे तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो गई।इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी प्रियंका देवी को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहन जांच में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार, भटौली निवासी मिथिलेश पासवान और उनकी पत्नी प्रियंका देवी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। धीरे-धीरे यह विवाद इतना बढ़ गया कि आवेश में आकर प्रियंका देवी ने धारदार चाकू से मिथिलेश पासवान पर हमला कर दिया और उनके प्राइवेट पार्ट को काट डाला। मारपीट की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल मिथिलेश पासवान को आनन-फानन में लालगंज रेफरल अस्पताल ले गए। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही करताहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पत्नी प्रियंका देवी को हिरासत में ले लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और घटना के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने मृतक मिथिलेश पासवान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है, जहां शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

## मुंबई में होली के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 1.79 करोड़ के 17,495 चालान जारी

मुंबई (ए.)। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने होली और होलिका दहन के मौके पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। 13 और 14 मार्च को दो दिनों तक चले इस अभियान में 17,495 चालान जारी किए गए। कुल वसूली 1 करोड़ 79 लाख 79



हजार 250 रुपए रही। त्योहार के दौरान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने शहर के प्रमुख स्थानों पर नाकाबंदी की और नियम तोड़ने वालों पर सख्ती बरती। मुंबई पुलिस ने होली से पहले लोगों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। चेतावनी दी गई थी कि नियमों का पालन न करने पर महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।इस अभियान में उन इलाकों पर खास नजर रखी गई, जहां ट्रैफिक नियम तोड़े जाने की आशंका थी। शराब पीकर गाड़ी चलाने, तेज रफ्तार, बिना हेलमेट बाइक चलाने, तीन सवारी ले जाने और सिग्नल तोड़ने जैसे उल्लंघनों पर विशेष ध्यान दिया गया।दो दिनों में ट्रैफिक पुलिस ने उल्लंघन के कई मामले पकड़े। बिना हेलमेट बाइक चलाने के 4,949 मामले सामने आए, जबकि शराब पीकर वाहन चलाने के 183 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई। गलत दिशा में गाड़ी चलाने के 33 चालान, वन-वे सड़क पर नियम तोड़ने के 992 चालान और सिग्नल तोड़ने के 1,942 मामले दर्ज किए गए।इसके अलावा, तीन सवारी ले जाने के 425 मामले और बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने के 826 लोगों पर जुर्माना लगाया गया।

# किशोरों और बच्चों को एच5एन1 वैक्सीन से अधिक लाभ होगा : अध्ययन

नई दिल्ली (ए.)। एक अध्ययन में यह पाया गया है कि एच5एन1 वैक्सीन से किशोरों और बच्चों को अधिक लाभ हो सकता है, भले ही यह वैक्सीन मौजूदा वायरस के लिए विशेष रूप से न बनी हो। अमेरिका की पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बताया कि कुछ खास प्रकार के मौसमी फ्लू वायरस से पहले हुए संक्रमण, एच5एन1 बर्ड फ्लू के खिलाफ शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर सकते हैं। ‘नेचर मेडिसिन’ नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में पता चला कि 1968 से पहले के फ्लू वायरस के संपर्क में आए बुजुर्गों में एच5एन1 वायरस से लड़ने वाली एंटीबॉडी अधिक पाई गईं। माइक्रोबायोलॉजी के प्रोफेसर स्कॉट हेंसली ने बताया, बचपन में हुए फ्लू संक्रमण से बनी रोग प्रतिरोधक क्षमता जीवन भर बनी रह सकती है। हमने पाया कि दशकों पहले एच1एन1 और एच3एन2 वायरस के संपर्क में आने से बनी एंटीबॉडी अब एच5एन1 वायरस से भी प्रतिक्रिया कर सकती हैं। हालांकि ये एंटीबॉडी संक्रमण को पूरी तरह रोकने में सक्षम नहीं हैं, लेकिन अगर एच5एन1 का प्रकोप बढ़ा तो यह बीमारी की गंभीरता को कम कर सकती हैं। एच5एन1 वायरस कई सालों से पक्षियों में फैल रहा था, लेकिन हाल ही में इसका एक नया प्रकार (क्लेड 2.3.4.4बी) सामने आया है, जो अब मवेशियों में भी फैल रहा है। यह मौजूदा वायरस अभी तक मानव श्वसन तंत्र की कोशिकाओं से आसानी से नहीं जुड़ता, लेकिन




यदि यह स्तनधारी जीवों में अधिक फैला, तो इसमें ऐसे बदलाव हो सकते हैं जिससे यह इंसानों में तेजी से फैल सके। यदि ऐसा हुआ, तो एच5एन1 इंसानों के बीच भी फैल सकता है। मौजूदा फ्लू वैक्सीन मुख्य रूप से वायरस के हीमैग्लुटिनिन प्रोटीन को पहचानने वाली एंटीबॉडीज बनाती हैं, जो वायरस को शरीर की कोशिकाओं में प्रवेश करने से रोकती हैं। शोधकर्ताओं ने 1927 से 2016 के बीच जन्मे 150 से अधिक लोगों के खून के नमूनों की जांच की, ताकि यह देखा जा सके कि उनमें एच5एन1 सहित विभिन्न फ्लू वायरस से लड़ने वाली एंटीबॉडी कितनी हैं। उन्होंने पाया कि 1968 से पहले जन्मे लोगों में, जिन्हें बचपन में एच1एन1 या एच2एन2 वायरस का सामना करना पड़ा था, उनमें एच5एन1 वायरस से लड़ने वाली एंटीबॉडी अधिक थीं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि किसी व्यक्ति के जन्म वर्ष का उसके शरीर में एच5एन1 वायरस से लड़ने वाली एंटीबॉडी की मात्रा से गहरा संबंध है। छोटे बच्चे, जिन्हें अभी तक मौसमी फ्लू वायरस का सामना नहीं करना पड़ा, उनमें इस वायरस से लड़ने वाली एंटीबॉडीज बहुत कम पाई गईं। हेंसली ने कहा कि अगर एच5एन1 महामारी बनता है, तो सभी उम्र के लोग इसकी चपेट में आएंगे, लेकिन बच्चों पर इसका सबसे ज्यादा असर हो सकता है। इसलिए, बच्चों को एच5एन1 वैक्सीन के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# बर्फबारी के बाद खिल उठा कश्मीर का गुलडांडा क्षेत्र, देहरादून में बारिश के बाद तापमान में गिरावट



नई दिल्ली(ए.)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में गर्मी ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। जहां मैदानी इलाकों में सूरज की तपिश देखने को मिल रही है, वहीं पहाड़ी राज्यों में मौसम ने करवट ली। उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी ने मौसम के मिजाज को बदल दिया है। उत्तराखंड के देहरादून और आस-पास के क्षेत्रों में शुक्रवार देर रात हल्की बारिश हुई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले मौसम विभाग ने बारिश का पूर्वानुमान जताया था। वहीं, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भदेरवाह में भी मौसम ने करवट ली है।मौसम विभाग द्वारा जताए गए पूर्वानुमान के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के भदेरवाह क्षेत्र में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई। खासकर गुलडांडा की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी के बाद, यह क्षेत्र देशभर से आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।गुलडांडा करीब 10,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो अब एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुका है। पर्यटक दिल्ली, हैदराबाद, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न हिस्सों से यहां बर्फबारी का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। गुलडांडा में ताजगी और बर्फबारी ने इस क्षेत्र के सर्दियों के नज़ारों को और भी खूबसूरत बना दिया है।डिप्टी कमिश्नर डोडा हरविंदर सिंह ने बताया, इस साल भदेरवाह में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है।

हम उन स्थानों को सड़क संपर्क से जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो अभी तक पर्यटकों के लिए पहुंच योग्य नहीं थे, ताकि इन क्षेत्रों में भी पर्यटक आ सकें और भदेरवाह का पर्यटन अनुभव और भी समृद्ध हो सके। गुलडांडा के बर्फ से ढके नजारे और वहां की ठंडी हवा पर्यटकों को खास अनुभव प्रदान कर रही है। इस वजह से इस स्थान की लोकप्रियता और भी बढ़ गई है। पर्यटक बर्फबारी का आनंद ले रहे हैं और वहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर मोहित हो रहे हैं।

# अब सरकारी टेंडर्स में मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा चार फीसद आरक्षण, मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी



बेंगलुरु (ए.)। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने ये जानकारी दी है। मंत्रिमंडल ने कर्नाटक ग्राम स्वराज और पंचायत राज (संशोधन) विधेयक को भी मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में करीब 90 लाख ग्रामीण संपत्तियों को शामिल किए जाने की उम्मीद है, जिनके पास खाता नहीं है। सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल ने हेब्बल में कृषि विभाग की 4.24 एकड़ जमीन को दो साल के लिए किराया-मुक्त आधार पर अंतर्राष्ट्रीय फूल नीलामी बैंगलोर (आईएफएबी) के लिए देने के प्रस्ताव पर चर्चा की।

## मंत्रिमंडल ने किन बातों पर की चर्चा ?

जनवरी में आग की घटना के बाद बैंगलोर बायोइनोवेशन सेंटर में उपकरणों के पुनर्निर्माण और प्रतिस्थापन के लिए 96.77 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी देने पर भी चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) में सुधार के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि केपीएससी में सुधार के उपाय सुझाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने और केपीएससी सदस्यों की नियुक्ति के लिए एक खोज समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

# बिहारः मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में पुलिस अधिकारी की मौत

मुंगेर (ए.)। बिहार के अररिया में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों द्वारा किए गए हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत की घटना का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि लोगों ने मुंगेर जिले में एक सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात पुलिस को सूचना मिली कि नंदलालपुर के पास दो पक्ष आपस में किसी बात को लेकर मारपीट कर रहे हैं। इसी सूचना पर 112 वाहन पर तैनात एएसआई संतोष कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश कर ही रहे थे कि एक व्यक्ति ने तेज धार हथियार से उन पर हमला कर दिया। एएसआई वहीं गिर गए।


## स्टाइलिश आउटफिट पहन श्वेता तिवारी ने शेयर किया ग्लैमरस लुक, एक्ट्रेस की स्टनिंग अदाएं देख दीवाने हुए फैंस



टीवी की पॉपुलर अभिनेत्री श्वेता तिवारी हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनके लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं श्वेता तिवारी ने ब्राउन कलर का स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस और हॉट नजर आ रही हैं। खुले बालों को कर्ली स्टाइल लुक कर के और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचा रहा है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।श्वेता तिवारी की फोटोज को इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 1 लाख 28 हजार से भी ज्यादा लोगों ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कछ यूजर्स हॉट, टू मच बोल्ड, सो ग्लैमरस जैसे कॉमेंट्स कर रहे हैं।

## खाकी: द बंगाल चैप्टर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर

नीरज पांडे के निर्देशन में बनी वेब सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर को काफी पसंद किया गया था। इसमें करण टैकर, रवि किशन, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह और आशुतोष राणा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह सीरीज 25 नवंबर, 2022 को नेटफिलक्स पर रिलीज हुई थी।




खाकी: द बिहार चैप्टर के दूसरे सीजन खाकी: द बंगाल चैप्टर का ऐलान पहले ही हो चुकी है, वहीं अब निर्माताओं ने सीरीज की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।खाकी: द बंगाल चैप्टर का प्रीमियर 20 मार्च, 2025 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने लिखा, बॉस और बंबा दा की दहाड़ सुनने के लिए हो जाइए तैयार।इस सीरीज में निकिता दत्ता, जतिन सरना, श्रद्धा दास और अनूप सोनी जैसे सितारे भी अपने किरदार को दोहराते नजर आएंगे।

# भाग्यश्री की बेटी अवंतिका अपनी मां की मर्जी के खिलाफ बनीं अभिनेत्री

मैंने प्यार किया से मशहूर हुई भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी जल्द ही फिल्म मेरी गलियों में नजर आएंगी। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि यह उनकी पहली फिल्म है, जो सिनेमाघरों में आएगी। एक ओर जहां अवंतिका को अपनी इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें हैं, वहीं हाल ही में उन्होंने बताया कि उनकी मां नहीं चाहती थीं कि वह अभिनय की दुनिया में अपना करियर बनाएं।

### आइए जानें अवंतिका ने क्या कुछ कहा।

अवंतिका ने कहा, मां ने मुझे कहा था कि इस इंडस्ट्री का हिस्सा मत बनो। यही सलाह मुझे उनसे और घर में सभी से मिली। अब भी जब मैं ऑडिशन से वापस आती हूं और पता चलता है कि मुझे रिजेक्ट कर दिया गया है या जब कॉल नहीं आती या फिर देरी होती है तो मेरी मां और मेरा भाई बस मुझे उदासी वाले भाव से देखते हैं। मां कहती हैं, तुम्हें पहले ही कहा था। अवंतिका कहती हैं, मां ने कहा था कि अभिनय का पेशा अनिश्चित तो है ही साथ ही इसके लिए मोटी चमड़ी का होना भी जरूरी है, क्योंकि यहां कई बार दिल टूटता है। लिहाजा असफलता और आलोचनाओं को झेलन के लिए या अभिनय



जगत में बने रहने के लिए खुद को मजबूत बनाए रखना जरूरी है। अवंतिका बोलीं, अगर किसी को मेरे काम से शिकायत है या मेरा अभिनय पसंद नहीं तो बेशक मैं उसमें सुधार करूंगी।

नेपोटिज्म पर बात करते हुए अवंतिका ने कहा, अगर वो कहते हैं कि मैं अच्छा काम नहीं कर रहा हूं या मुझे मिले अवसरों का सम्मान नहीं कर रही हूं तो मैं खुद पर बेशक काम करूंगी, लेकिन अगर वो मेरी फिल्म नहीं देखते या सिर्फ मेरे परिवार की वजह से मुझे बुरा-भला कहते हैं तो यह वाकई दुखद है और अगर ऐसा नहीं है तो मैं अपनी कड़ी मेहनत से दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हूं।

अवंतिका की फिल्म इन गलियों में 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। जावेद जाफरी भी इसका हिस्सा हैं।

अवंतिका ने हुमा कुरैशी की वेब सीरीज मिथ्या के जरिए अभिनय जगत में अपनी पारी शुरू की थी। हालांकि, एक शातिर, खतरनाक साजिशकर्ता और बड़े बाप की बिगड़ैल बेटी के किरदार में अवंतिका के अभिनय और संवाद अदाएगी में एकरूपता नजर आई।

वक्त के साथ उनके अभिनय में निखार और विविधता की उम्मीद की जा सकती है।

# गदर 2 को पछाड़ छावा बनी भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 10वीं फिल्म, अब पठान समेत इन फिल्मों का रिकॉर्ड खतरे में

हिस्टोरिकल पीरियड फिल्म छावा ने अपनी रिलीज के 27 दिन पूरे कर लिए हैं. छावा बीती 14 फरवरी को रिलीज हुई थी और साल 2025 की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. छावा भारत में 500 करोड़ रुपये कमाने वाली आठवीं हिंदी फिल्म भी बन गई है. छावा की कमाई बॉक्स ऑफिस पर कभी बढ़ती है तो कभी गिरती है, लेकिन इसकी कमाई का आंकड़ा करोड़ों में ही है. छावा ने इन 27 दिनों में कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े तो कई रिकॉर्ड बनाए भी. छावा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई में सनी देओल की सबसे कमाऊ फिल्म गदर 2 से आगे निकल गई है. फिल्म छावा ने 27 दिनों में कितना कलेक्शन कर लिया है और फिल्म




अब किन-किन फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है आइए जानते हैं.सैकनिल्क के अनुसार, विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा ने 27वें दिन 4.75 करोड़ रुपये (अनुमानित) कमाए हैं. छावा की 27वें दिन की कमाई में 5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है. छावा ने 26वें दिन 5 करोड़ रुपये कमाए थे, जिसमें 4 करोड़ रुपये हिंदी बॉक्स ऑफिस पर बटोरे थे. छावा ने 27वें दिन हिंदी में 3.9 करोड़ रुपये और तेलुगू में 0.85 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ छावा का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन 535.55 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें छावा ने हिंदी में 524.45 करोड़ रुपये और तेलुगू में 11.1 करोड़ रुपये की कमाई की है.सैकनिल्क के अनुसार, छावा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में 10वें नंबर पर आ गई है. इस लिस्ट में छावा ने गदर 2 (527.7 करोड़ रुपये) को पछाड़ दिया है. अब छावा शाहरुख खान की पठान (543.09 करोड़ रुपये), एनिमल (553.087 करोड़ रुपये), स्त्री 2 (597.99 करोड़ रुपये) के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए आगे बढ़ रही है. भारत में नेट कमाई करने वाली टॉप फिल्मों में पुष्पा 2 (1471.1 करोड़ रुपये), बाहुबली 2 (1030.42 करोड़ रुपये), केजीएफ 2 (859.7 करोड़ रुपये), आरआरआर (782.2 करोड़ रुपये), कल्कि 2898 एडी (646.31 करोड़ रुपये) और जवान (640.25 करोड़ रुपये) शामिल हैं. सैकनिल्क की मानें तो छावा ने वर्ल्डवाइड 718.5 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, जबकि गदर 2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 686 करोड़ रुपये है.

### आदि साई कुमार की भक्तिमय सस्पेंस थ्रिलर शनमुख की रिलीज डेट से उठा पर्दा, निर्माताओं ने पोस्टर जारी कर बताई तारीख

तेलुगु सिनेमा में मजबूत विषय-वस्तु वाली भक्ति थ्रिलर को खूब सराहा गया है। सिर्फ़ तेलुगु में ही नहीं, बल्कि दिलचस्प विषयों वाली भक्ति फ़िल्मों को सभी भाषाओं में सराहा जाता है। अब इस सूची में आगामी भक्ति सस्पेंस थ्रिलर शनमुख भी शामिल हो गई है। एक दमदार शीर्षक वाली इस फिल्म में आदि साई कुमार मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अविका गोर मुख्य भूमिका में हैं। शनमुगम सपनी द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म का निर्माण सैपब्रो प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है, जो एक प्रसिद्ध बैनर है जिसने अपनी अखिल भारतीय फ़िल्म सासना सभा से पहचान हासिल की है।

# अगर अंडे उबालते समय पानी में टूट या फट जाएं तो ये ट्रिक्स आजमाएं



अंडे खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता हैं. बता दें, अंडे में प्रोटीन 9 प्रकार के आवश्यक अमीनो एसिड, आयरन, विटामिन बी, डी और अन्य पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं. इसलिए, अंडे हर कोई खा सकता है. विशेषज्ञों का मानना है कि छोटे बच्चों को भी अंडा खिलाना बहुत अच्छा होता है. इससे उन्हे पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मिलते हैं. ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि उबले अंडे सबसे स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों में से एक हैं. जब आप उन पर थोड़ा नमक और काली मिर्च छिड़कते हैं, तो उनका स्वाद बहुत अच्छा लगता है. लेकिन कई बार अंडे उबालते समय टूट जाते हैं. इससे बचने के लिए अंडे उबालते समय कुछ सावधानियां बरतनी जरूरी है. ऐसा करने से न सिर्फ अंडे का छिलका निकालना आसान होगा, बल्कि अंडे में मौजूद जरूरी पोषक तत्व भी बरकरार रहेंगे और स्वाद भी बहुत अच्छा रहता है. खबर में जानें अंडे उबालते समय क्या सावधानियां बरतनी जरूरी है...

### अंडे उबालते समय इन टिप्स को फॉलो करें...

* अंडे उबालते समय आपको उनके लिए एक बड़ा कटोरा इस्तेमाल करना चाहिए. कटोरे में इतना पानी डालें कि अंडे पूरी तरह डूब जाएं. इससे अंडे एक दूसरे को छूने से बचेंगे. इस तरह वे टूटेंगे नहीं.

* जिस कटोरे में आप अंडे उबाल रहे हैं, उसमें पानी में एक चम्मच नमक डाल दें. ऐसा करने से अंडे टूटने से बचेंगे. नमक के पानी में अंडे उबालने से उन्हें छीलना आसान हो जाता है.

* साथ ही, कई लोग अंडे को फ्रिज में रखते हैं. सीधे खाना पकाने के लिए इस्तेमाल करते हैं. ऐसा कभी न करें. सबसे पहले, उन्हें कमरे के तापमान पर लाएं. इसके बाद उन्हें उबालना चाहिए. अगर आप ठंडे अंडे को सीधे गर्म पानी में उबालेंगे, तो उनके टूटने की संभावना बहुत ज्यादा रहेगी.

* अंडे को कभी भी उबलते पानी के बर्तन में न डालें. अगर आप ऐसा करेंगे, तो अंडा पानी में फट जाएगा. एक कटोरे में 3 या 4 से ज्यादा अंडे न उबालें. इस तरह से भी उनके फटने की संभावना रहती है.

* अंडे उबालते समय कभी भी आंच तेज ना रखें, हमेशा मध्यम आंच पर उबालें. अगर आप ऐसा करेंगे, तो वे नहीं टूटेंगे. करीब 15 मिनट तक अंडे पानी में उबालने के बाद गैस बंद कर दें. अब अंडों को गर्म पानी से निकालकर ठंडे पानी में डाल दें और करीब 10 मिनट बाद उन्हें छील लें. ऐसा करने से अंडा बिना टूटे आसानी से बाहर आ जाएगा.

रिपोर्ट के अनुसार, उबले अंडे खाना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है. रिसर्च के अनुसार, एक उबले अंडे में छह ग्राम हाई क्वालिटी वाला प्रोटीन होता है. यह मांसपेशियों की बढ़ोतरी के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसमें आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक के साथ-साथ विटामिन ए, विटामिन डी और विटामिन बी 12 भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है. इनमें एंटीऑक्सीडेंट भी भरपूर मात्रा में होते हैं.

उबले अंडे में कैलोरी कम और प्रोटीन तथा अन्य पोषक तत्व अधिक होते हैं. जो लोग अपना वेट कम करना चाहते हैं उनके लिए यह एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है. एक अध्ययन के अनुसार, पहर रोज एक उबला अंडा खाने से वजन कंट्रोल में मदद मिलती है.

# रोजाना कुछ मिनट करें वृक्षासन, मिल सकते हैं ये फायदे



वृक्षासन योग का एक अहम आसन है, जो आपके शरीर को संतुलित और मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। यह आसन न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है बल्कि शारीरिक फिटनेस के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे वृक्षासन आपके दिनचर्या का हिस्सा बन सकता है और आपके फिटनेस लक्ष्यों को हासिल करने में मदद कर सकता है।

### संतुलन बढ़ाने में है सहायक

वृक्षासन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह आपके शरीर के संतुलन को बेहतर बनाता है।जब आप एक पैर पर खड़े होते हैं और दूसरे पैर को घुटने तक उठाते हैं तो इससे आपकी मांसपेशियों की मजबूती बढ़ती है।नियमित रूप से इस आसन का अभ्यास करने से आपका ध्यान केंद्रित होता है और मानसिक स्थिरता मिलती है।अगर आप अपने शरीर के संतुलन पर काम करना चाहते हैं तो वृक्षासन एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

### मांसपेशियों की मजबूती के लिए अपनाएं वृक्षासन

वृक्षासन आपकी पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है।जब आप इस आसन को करते हैं, तो आपकी जांघों, पिंडलियों और टखनों की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं। इससे न केवल आपकी ताकत बढ़ती है बल्कि चोट लगने की संभावना भी कम होती है।अगर आप जिम में वजन उठाने या कार्डियो एक्सरसाइज कर रहे हैं तो वृक्षासन आपके वर्कआउट रूटीन का अहम हिस्सा बन सकता है।

### मानसिक शांति पाने के लिए करें वृक्षासन

जिम जाने वाले कई लोग तनाव और चिंता से ग्रस्त होते हैं। ऐसे में वृक्षासन आपको मानसिक शांति प्रदान कर सकता है।जब आप इस आसन को करते हैं, तो गहरी सांसें लेने से आपका मन शांत होता जाता है और तनाव कम होता जाता है।इसके अलावा यह ध्यान केंद्रित करने की क्षमता भी बढ़ाता है , जिससे आप अपने फिटनेस लक्ष्यों पर बेहतर तरीके से ध्यान दे सकते हहैं ।

### लचीलापन बढ़ाने के लिए अपनाएं वृक्षासन

वृक्षासन आपके शरीर के लचीलेपन को भी सुधारता है ।

जब आप इसे नियमित रूप से करते हैं तो आपकी रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है, जिससे पीठ दर्द जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है।इसके अलावा यह कंधों और कूल्हों की गतिशीलता भी बढ़ाता है, जो अन्य एक्सरसाइजों या खेल गतिविधियों में सहायक हो सकता है।

### ऊर्जा स्तर बढ़ाने के लिए करें वृक्षासन

अगर आपको दिनभर थकान महसूस होती है तो सुबह-सुबह कुछ मिनटों तक वृक्षासन करना फायदेमंद हो सकता है।इससे न केवल आपका ऊर्जा स्तर बढ़ेगा बल्कि पूरे दिन ताजगी महसूस होगी। इसके साथ ही यह रक्त संचार सुधारने में मदद करता है,

जिससे शरीर अधिक सक्रिय रहता है। इस प्रकार अगर आप अपने फिटनेस लक्ष्यों को हासिल करना चाहते है तो अपने जिम रूटीन में नियमित रूप से वृक्षासन शामिल करें हेहे ।

# हर्षोल्लास से मना होलिकोत्सव, हर तरफ उड़ा रंग गुलाल, खूब हुआ धमाल

## युवाओं, बच्चों व महिलाओं में रहा विशेष उत्साह, एसपी ने चौराहे पर बैठकर संभाली कमान

नर्मदापुरम (निप्र)। होलिका दहन के दूसरे दिन धुलेंडी पर जमकर होली खेली गई। युवाओं और बच्चों की टोलियों ने अपने मोहल्लों में जमकर धमाल किया। सुबह से ही शहर में हुरियारों की टोलियों सक्रिय हो गई थी। हुरियारे अपने साथी को ढूंढ-ढूंढ कर रंग से सराबोर करते हुए टीम में मिला कर धूमा मस्ती के साथ रंग गुलाल लगाते हुए होली मनाने में लगे हुए थे। सुबह से लेकर शाम तक व दूसरे दिन भी रंग और गुलाल का माहौल बना रहा। काले महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने होली खेली। बच्चों और युवाओं के साथ ही महिलाओं के समूह ने अपने परिचितों को रंग गुलाल लगाया। सबसे ज्यादा युवाओं ने मस्ती की। युवाओं ने रंग लगाने के बाद पार्टियां उड़ाई। इस बीच कुछ युवा खेतों में बने कृषि फार्मों पर भी होली की पार्टियां मनाने में मगन रहे। कई लोगों ने सुबह से ही प्लान बना कर खेत में गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम बना लिया था।

### कम होते जा रहे फाग के आयोजन

पुरानी परंपरा के तहत पूर्व गांव- शहर में फाग के आयोजन होते थे जो अब कम होने लगे हैं। ग्वालटोली में पुरानी परंपरा के तहत काली माता



मंदिर में अनेक लोगों ने एकत्रित होकर फाग के आयोजन किए। बुजुर्ग लोगों ने गाजे बाजे के साथ फाग के गीत गाते हुए नृत्य किया। फिर एक दूसरे को गुलाल लगाई। इसी बीच युवाओं की टीम भी सक्रिय रही। काली मंदिर से सभी लोग साथ साथ मिल कर होलिका दहन वाले स्थान पर जुलूश के रूप में पहुंचे जहां पर होली की भभूत को सिर पर लगाया गया। एक दूसरे को भभूत लगाई गई। वहीं जिन परिवार में वर्ष भर में गमी हुई है उनके निवास पर सामूहिक रूप से जाकर गुलाल लगाई।

### युवाओं महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह

होली के अवसर पर युवाओं महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। हुरियारों की टोली ने मिल कर जमकर मस्ती की। युवाओं ने बोरियों से रंग गुलाल लेकर आए हुए थे। जिन्होने एक दूसरे के ऊपर डाल कर अनेक प्रकार की गुलाल से सरोबार किया। अनेक स्थानों पर बाजे बजाते हुए खूब नृत्य किया गया। युवाओं के साथ बच्चे भी शामिल हुए।

### दिवंगतों को किया याद

होली के अवसर जिन परिवारों में पूरे वर्ष भर में गमी हुई है उनके घर जाकर पुरानी पंरपरा के तहत उस परिवार के लोगों के घरों में जाकर गुलाल लगाई गई। यह क्रम पूरे दिन जारी रहा। इस दौरान कई लोग सामूहिक रूप से तो कुछ लोग अलग-अलग लोगों के घरों में पहुंच कर सांत्वना देने पहुंचे।

# दृष्टिबाधित बच्चों ने जमकर खेली होली

**दृष्टिबाधित बच्चों ने उत्साह और आनंद से मनाया होली का त्यौहार**



नर्मदापुरम (निप्र)। भोपाल तिराहा स्थित सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय में दृष्टिबाधित बच्चों ने जमकर होली खेली। विद्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली धूमधाम से मनाई गई। रंगों की पहचान से अनजान इन बच्चों ने खूब जमकर होली खेली। होली खेलने के लिए बच्चों ने विभिन्न रंगों का भी उपयोग किया। बच्चों ने शिक्षिकाओं से सहयोग से एक दूसरे को रंग लगाए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संतोष चौरसिया एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। बच्चों ने शिक्षको के साथ भी होली खेली एवं शिक्षकों ने भी बच्चों को रंग लगाए और विभिन्न रंगों से भरी प्रकृति की तरह बच्चों के जीवन में भी रंग भरने का आशीर्वाद दिया। विद्यालय की प्राचार्य ने होली के महत्व को समझाते हुए बच्चों को बताया कि होली क्यों मनाते हैं। इस दौरान सभी बच्चें बहुत आनंदित नजर आएए अंत में सभी बच्चों को होली की मिठाई खिलाई और स्पेशल नास्ता कराया गया।

# होली की आग ने मौसम में घोल दी गर्मी

**चैत्र माह लगते ही और गर्मी का असर हुआ तेज**



नर्मदापुरम(निप्र)। फागुन माह में ठंड गर्मी का असर बना रहा। फागुन जाते-जाते गर्मी ने तेजी शुरू कर दी थी। बीते माह मौसम कभी ठंडा कभी गर्म होता रहा। अब चैत्र माह लग गया है। इसी के साथ मौसम में तेजी से गर्मी आने लगी है। होली की आग ने मौसम में गर्मी का असर घोल दिया है। इसी के साथ तेजी से मौसम गर्म होने लगा है। तापमान में वृद्धि शुरू है गई है। पिछले चार दिनों से तापमान 34-36 से ऊपर ही चल रहा था। हवा चलने के बाद भी गर्मी का असर ज्यों का त्यों है। मौसम में गर्माहट बनी हुई है। तपन के साथ लू का असर बना हुआ है। मुख्यालय पर न्यूनतम तापमान 25 डिगी और पचमढ़ी में अधिकतम 30 डिगी न्यूनतम 14 डिग्री दर्ज हुआ है।

# गुरुकुल में पलाश के रंग से किया स्नान, नए अन्न का किया हवन

नर्मदापुरम(निप्र)। प्राचीन गुरुकुल में होली के अवसर पर पलाश के फूलों को उबाल कर उसके पानी से नहाने की परंपरा है। गुरुकुल अध्यक्ष स्वामी ऋतस्पति परिब्राजक व गुरुकुल के प्रधानाचार्य सत्यसिंधु आर्य ने बताया कि हमारे यहां होली के रंग नहीं खेले जाते हैं। पलाश के रंग से ही गुलाल बनाकर उसे ही लगाया जाता है। हम स्वयं पलाश के फूलों को पानी में उबालते हैं। उसी पानी से स्नान किया जाता है। यह क्रम वर्षों से जारी है। गुरुकुल के ब्रम्हचारी व आचार्य सभी को पलाश के उबले हुए रंग से ही स्नान करना होता है। सभी उत्साह से स्नान करते हैं। दो दिन पूर्व से ही पलाश के फूल एकत्रित कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि पलाश के आयुर्वेदिक गुण हैं। उसके रंग से शरीर में स्फूर्ति आती है। चर्म रोग नहीं होता है वहीं काया निरोगी होती है।

### नए अन्न का करते हैं हवन

गुरुकुल में प्रतिदिन हवन होता है। जिसमें औषधियां रहती हैं। लेकिन होली के दिन फागुन की पूर्णिमा के अवसर सुबह के समय नए अन्न का हवन किया जाता है। जिसमें गेहूं, चना, सरसो, मसूर, सहित अन्य जितने प्रकार के अन्न इस समय उत्पन्न हुए हैं उनको हवन सामग्री में मिलाकर हवन कुंड में आहुतियां छोड़ी जाती हैं।

# होली प्रेम स्नेह एवं एकता का प्रतीक हैः सांसद दर्शन सिंह चौधरी

## नयागांव में हुआ होली मिलन समारोह का कार्यक्रम



बनखेड़ी/ नर्मदापुरम (निप्र)। नयागांव में शनिवार को अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा जिला शाखा नर्मदापुरम के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भगवान बलराम करौली मैया का पूजन का विधिवत कार्यक्रम कर शुभारंभ किया गया। सामाजिक लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित शोकाकुल परिवार जिनके परिवार में गमी मृत्यु हुई है उनको समस्त सामाजिक बंधुओ में गुलाल लगाकर ढांढस बंधाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समाज के समाजसेवी कमलेश चौधरी ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष आयोजित होता है। जिसमें किरार समाज के महिला.पुरुषों और बच्चो बढ़.चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस दौरान रंग गुलाल गीत.संगीत और पकवान का भी लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि समाज में चल रही कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है। मृत्युभोज न करते हुए श्रद्धांजलि सभा करें। शादियों में संगीत और भोजन को सीमित करें ऐसे कई कुरीतियों है जो समाज को बंद करनी होगी। होली पर्व बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। होली एक दूसरे के गिले शिकवे मिटाकर पावन पर्व को मनाना त्यौहार है। जब हम रंगों से होली खेलते हैं तो रंगभेद भी समाप्त हो जाता है! इसलिए होली एकता का प्रतीक है। यह उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति पारस्परिक स्नेह को मजबूती प्रदान करता है। यह आनंद और उत्साह से भरपूर क्षण हमेशा याद रहेंगे। सांसद चौधरी ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संस्कृति परंपरा और उत्साह के साथ फागों का पर्व मनाया। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मातृशक्ति को सामूहिक विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। संचालन नीतिराज सिंह पटेल ने किया। इस अवसर क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, किरार महासभा के जिलाध्यक्ष भगवत पटेल संभाग अध्यक्ष रामेश्वर पटेल नवयुवक मंडल जिलाअध्यक्ष श्रीमंत पटेल जनपद उपाध्यक्ष नर्मदा पटेल दीनदयाल पटेल भूपेंद्र पटेल कृषि अनुसंधान परिषद सदस्य नीतिराज पटेल वरिष्ठ समाजसेवी राजू पररसिया दिनेश पटेल राजेंद्र चौधरी हेमंत पटेल शुभम पटेल खुमानपटेल संतोष पटेल कौशल्या पटेल गीता चौधरी उमा चौधरी संगीता पटेल सहित मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

# गुडी पड़वा पर होगा कवि सम्मेलन

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम व्दारा पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नवसंवत्सर गुडीपडवा के पावन अवसर अखिल कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। समिति प्रमुख केप्टिन किशोर करैया ने बताया की उक्त आयोजन की नीव वरिष्ठ कवि स्व संतोष इंकलाबी ने रखी थी। उनकी स्मृति में उनके व्दारा स्थापित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की परम्परा जारी है। उन्होंने बताया की समिति द्वारा नव संवत्सर गुडी पडवा की पूर्व संध्या चैत्र अमावस्या के पावन अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी साहित्यक आयोजन की श्रंखला में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 29 मार्च को रात्री 9 बजे से सेठानी घाट पर होगा। समिति के हंस राय ने बताया कि कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न अंचलों से ख्याति प्राप्त कवियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

# पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह 17 से 21 मार्च तक




नर्मदापुरम(निप्र)। पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह सेठानी घाट पर कल 17 मार्च से पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रवचन प्रारंभ होंगे। प्रवचन प्रसंग 17 मार्च से प्रारंभ होकर 21 मार्च तक जारी रहेंगे। जिसमें श्रीरामचरितमानस के प्रसंग पर प्रवचन के लिए भागलपुर बिहार से मानस कोकिला श्रीमती कृष्णादेवी जी मिश्र पधार रहीं हैं। प्रवचन पूर्व प्रतिदिन स्थानीय संगीत कलाकारों के द्वारा संगीतमय भजनांजली की प्रस्तुति दी जाएगी। पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह का यह 48 स्मरण वर्ष है। जिसमें विगत वर्षों में देश की विभिन्न पीठों के शंकराचार्य तथा सुप्रसिद्ध संतों की वाणी से नगर की जनता लाभान्वित हो चुकी है । 20 मार्च को पं रामलाल शर्मा जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा स्थल परिसर शास नर्मदा महाविद्यालय में प्रातः पुण्य स्मरण सभा का आयोजन किया जाएगा। समिति ने नगर के सभी श्रद्धालुओं से आव्हान किया है कि इस पंच दिवसीय प्रवचन प्रसंग में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभान्वित होवें। उल्लेखनीय है कि पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह बीते 47 वर्ष से जारी है। शहर के समाजसेवी शर्मा परिवार के द्वारा हर वर्ष निरंतर धार्मिक आयोजन की श्रृंखला जारी रहती है। जिसमें 18 दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव, श्रावण मास में श्रीरामचरित मानस का पाठ, हर शनिवार प्राचीन श्री राम मंदिर में रामचरित मानस का पाठ, के अलावा नर्मदा तट पर गीता जयंती का आयोजन हो या फिर सेठानी घाट पर नवान्ह पारायण का पाठ हो। श्री राम नवमी का महोत्सव के साथ ही नर्मदा तट पर प्रत्येक पूर्णिमा व अन्य अनेक अवसरों पर होने वाली महाआरती के आयोजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

# बिजली उपभोक्ता सतर्कता एवं अन्य जांच के देयकों का करें ऑनलाइन भुगतान

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के ऐसे बिजली उपभोक्ता जिन्हें बिजली कंपनी के सतर्कता एवं अन्य जांच दलों ने अनंतिम/अंतिम देयक जारी किये हैं, उनके भुगतान के लिए कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर ऑनलाईन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि ऐसे व्यक्ति अथवा बिजली उपभोक्ता जिनके परिसर में बिजली के अनधिकृत उपयोग या फिर अन्य किसी भी अनियमितता के चलते बिजली कंपनी के सतर्कता एवं अन्य जांच दलों द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें अनंतिम/अंतिम देयक जारी किया गया है, तो अब उसके भुगतान के लिए कंपनी के जोन/वितरण केन्द्र कार्यालय के साथ-साथ घर बैठे ही कंपनी की बेवसाइट portal.mpcz.in पर भी ऑनलाईन भुगतान कर सकते हैं।कंपनी ने कहा है कि सतर्कता एवं अन्य जांच में कंपनी द्वारा जारी अनंतिम/अंतिम देयक के भुगतान के लिए संबंधित व्यक्ति/ उपभोक्ता कंपनी की वेबसाइट पोर्टल portal.mpcz.in LT Services में दिये गये View/Pay Bill पर क्लिक कर Vigilance bill विकल्प पर जाना होगा। इस विकल्प पर जाने के बाद ऑनलाइन भुगतान के लिये उपभोक्ता क्रमांक अथवा पंचनामा/पेज क्रमांक में से किसी एक विकल्प का चयन करने पर सतर्कता के अनंतिम/अंतिम बिल की जानकारी प्रदर्शित होगी। साथ ही पूर्व में जारी किये गये सतर्कता जांच के देयकों को भी पूर्ण विवरण के साथ व्यू बिल विकल्प के माध्यम से देखा जा सकेगा। उपभोक्ता निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर अपनी सुविधानुसार ऑनलाइन भुगतान के लिये क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई अथवा क्यू आर कोड के माध्यम से आसानी से बिल का भुगतान कर सकते हैं।

# भाजपा नर्मदापुर मंडल की बैठक सम्पन्न




नर्मदापुरम (निप्र)। भाजपा नर्मदापुर मंडल की बैठक शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत द्वारा दिया गया जिसमें नर्मदापुर मंडल के कामकाज का ब्यौरा प्रस्तुत किया ।भाजपा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने आगामी संगठनात्मक कार्यो की चर्चा की एवं कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, पूर्व जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, विवेक गौर, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, संभाग कार्यालय मंत्री हंस राय जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित मीडिया प्रभारी अमित महाला, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोहर बडानी विकास नारोलिया रोहित गौर केशव उर्मिल पार्षद नरेंद्र पटेल, कंचन चौकसे, आरती बैस मंडल मोर्चे के अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल, सुमित गौर, चंचल राजपूत अनिल अहिरवार मंडल पदाधिकारी प्रशांत पालीवाल महेश सेन उदित द्विवेदी सत्या चौहान अजय रतनानी लक्ष्मण बैस अतुल भंडारी कमल चव्हाण, गौरव नायक, स्वदेश सैनी, पंकज साहू, श्रीराम सगर, दुर्गेश मिश्रा, जसवीर सिंह, धर्मेंद्र जाट, अमित नायक, प्रवेश सोनी, रौशनी वर्मा शीला रैकवार राहुल ठाकुर सुरेंद्र चौहान युवराज ठाकुर अभिषेक शुक्ला कृष्णा अहिरवार राहुल अहिरवार विशाल दीवान आदि उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री के तहत गाँव-गाँव में किए जा रहे कैंप आयोजित

# जिला जल उपयोगिता समिति नर्मदापुरम की बैठक 18 मार्च को आयोजित

नर्मदापुरम(निप्र)। जिला जल उपयोगिता समिति, नर्मदापुरम की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 18 मार्च 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति की अध्यक्ष, सुश्री सोनिया मीना करेंगी।

बैठक के दौरान तवा जलाशय में वर्तमान जल भंडारण की स्थिति की समीक्षा साथ ही ग्रीष्मकालीन (जायद) फसलों की सिंचाई वर्ष 2025-26 हेतु नहरों से जल प्रवाह संचालन की रूपरेखा एवं तिथियों का निर्धारण किया जाएगा। इसके अलावा, नर्मदापुरम जिले में ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए प्रस्तावित रकबा, सिंचाई राजस्व वसूली तथा गेहूं उपार्जन प्रक्रिया से संबंधित विषयों पर भी विस्तृत चर्चा होगी।

**फार्मर रजिस्ट्री के तहत गाँव-गाँव में किए जा रहे कैंप आयोजित (जारी)**

नर्मदापुरम(निप्र)। जिले में फार्मर आईडी रजिस्ट्री कार्य को गति देने हेतु कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार विभिन्न ग्रामों में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में, ग्राम डोंगरवाड़ा एवं कुलामड़ी में फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन के लिए आयोजित किए जा रहे विशेष शिविरों का निरीक्षण अपर कलेक्टर डी.के. सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने शिविरों में चल रही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का बारीकी से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों से किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।अपर कलेक्टर ने कहा कि किसान आईडी रजिस्ट्रेशन से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शिविरों का सुचारू रूप से संचालन



सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सोहागपुर द्वारा ग्राम घोघरी एवं ग्राम उड़दौन में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा की और उन्हें रजिस्ट्री से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फार्मर आईडी रजिस्ट्री प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो और अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ मिले। सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत द्वारा भी तहसील डोलरिया में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण किया गया। जिले की अन्य ग्रामों में भी फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है जिसके लिए विभिन्न कैंपों के आयोजन द्वारा किसानों को सहायता प्रदान की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी कैंप में पहुँचकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करें, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं एवं लाभकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*